(आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 31281/78) O.I.G.S. डाक पंजीयन क्रमांक जयपुर सिटी/205/2024-26

सत्यमेव जयते

# राजस्थान रोज़गार संदेश

पाक्षिक

(राजस्थान सरकार के रोजगार सेवा निदेशालय द्वारा प्रकाशित व्यावसायिक मार्गदर्शन एवं रोजगार संबंधी सूचनाओं का एकमात्र प्रकाशन)

वर्ष 48 अंक 20 (Website:http://employment.rajasthan.gov.in) 01 दिसम्बर, 2025 मूल्यः 3.00 वार्षिक शुल्क 60रु

## पुस्तकालय और सूचना विज्ञान में करियर के अवसर

-विजय प्रकाश श्रीवास्तव

जो लोग भी आज किसी स्कूल, महाविद्यालय अथवा विश्वविद्यालय में अध्ययन कर रहे हैं या अपना विद्यार्थी जीवन पूरा कर चुके हैं, पुस्तकालय के महत्व से अवश्य परिचित होंगे। शिक्षण संस्थान को विद्यार्थी जो शुल्क अदा करते हैं उसका एक छोटा सा हिस्सा पुस्तकालय शुल्क का होता है। जैसा कि हम आगे देखेंगे, पुस्तकालय केवल शैक्षणिक संस्थानों में ही नहीं होते, इनके बाहर भी होते हैं। परंतु प्रत्येक विद्यार्थी का पुस्तकालय से पहला परिचय स्कूली शिक्षा के दौरान ही होता है।

पुस्तकालय शब्द पुस्तक तथा आलय को मिलाकर बना है। यह उस स्थान को व्यक्त करता है जहां पुस्तकों का भंडार मौजूद हो और लोग इस भंडार से चुन कर पुस्तकों का उपयोग कर सकें। पुस्तकालय में पत्रिकाएँ भी हुआ करती हैं। पुस्तकों व पत्रिकाओं को विषयानुसार रखा गया होता है। एक आम पुस्तकालय में आपको समाज शास्त्र, राजनीति विज्ञान, भौतिकी, रसायन विज्ञान,गणित और तमाम अन्य विषयों की पुस्तकें अलग-अलग रैक पर करीने से रखी हुई मिलेंगी। एक कृषि विश्वविद्यालय में कृषि से संबंधित पुस्तकों की बहुतायत होगी। इसी प्रकार एक इंजीनियरिंग कॉलेज में तकनीकी विषयों पर पुस्तकें अधिक संख्या में उपलब्ध होंगी। पुस्तकों, पत्रिकाओं आदि को डिस्प्ले पर रखना पुस्तकालय का एक पक्ष है, साथ ही पुस्तकों-पत्रिकाओं का विधिवत अभिलेख रखा जाता है जिसके लिए केटलॉग पद्धति अपनाई जाती है। पुस्तकालय के डेटाबेस से तुरंत पता लग जाता है कि अमुक पुस्तक या पत्रिका की उपलब्धता की क्या स्थिति है और एक पुस्तक विशेष कहाँ रखी मिलेगी। आज के डिजिटल युग में ई-बुक्स और ई जर्नल्स का चलन बढ़ता जा रहा है और ये भी पुस्तकालयों का हिस्सा बन चुके हैं।



पुस्तकालयों का प्रबंधन करने के लिए ऐसे कार्मिकों की आवश्यकता होती है जो इस प्रबंधन से जुड़े सभी पक्षों में प्रशिक्षित हों। इस दृष्टि से पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान में विशेष पाठ्यक्रम तैयार किए गए हैं।

पुस्तकालय प्रबंधन एक प्रकार से कला भी है और विज्ञान भी। हालांकि आम तौर पर इसे विज्ञान के प्रमुख विषयों जैसे भौतिकी, रसायन विज्ञान या जीव विज्ञान आदि के साथ नहीं रखा जाता है। इसका आशय यह है कि पुस्तकालय विज्ञान की शिक्षा प्राप्त करने हेतु विज्ञान की पृष्ठभूमि जरूरी नहीं है। 10+2 स्तर की परीक्षा किसी भी विषय (कला, वाणिज्य, विज्ञान आदि) से उत्तीर्ण करने वालों के लिए पुस्तकालय विज्ञान की शिक्षा प्राप्त करने और इसमें करियर बनाने का रास्ता खुला हुआ है।

चूंकि पुस्तकालयों का अस्तित्व काफी समय से बना हुआ है, पुस्तकालय विज्ञान के पाठ्यक्रम भी कई दशक पहले से संचालित किए जा रहे हैं। बदलते समय की आवश्यकताओं के अनुसार इन्हें अद्यतन किया जाता रहा है। कुछ अपवादों को छोड़ देश के सभी विश्वविद्यालयों में पुस्तकालय विज्ञान के पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं। इनमें डिप्लोमा, ग्रेजुएट तथा पोस्टग्रेजुएट इन सभी स्तरों के पाठ्यक्रम शामिल हैं।

पुस्तकालय विज्ञान के अंतर्गत पढ़ाए जाने वाले प्रमुख विषय हैं-पुस्तकालय व सूचना विज्ञान के सामाजिक, सांस्कृतिक, बौद्धिक एवं ऐतिहासिक आधार, संगठनों में ज्ञान के प्रसार हेतु व्यवस्थाएँ और रणनीतियाँ, जानकारियों के स्रोत एवं संसाधन, पुस्तकालयों से संबंधित विधान व अधिनियम, सूचना प्रौद्योगिकी, प्रबंध के सैद्धांतिक व व्यावहारिक पहलू (मानव संसाधन, सामग्री तथा वित्त के संदर्भ में), सूचना का अर्थशास्त्र, इन्फॉर्मेशन की प्रोसेसिंग तथा रिट्रीवल (साइटेशन,इंडेक्सिंग, क्लासिफिकेशन और केटेलॉगिंग), पुस्तकालय प्रबंधन सॉफ्टवेयर/प्रोग्राम, बौद्धिक संपदा अधिकार आदि।

अब उन दायित्वों की बात कर लेते हैं जो आपको पुस्तकालय और सूचना विज्ञान के करियर में संभालने होंगे। इनमें सबसे प्रमुख है पुस्तकालय में मौजूद समस्त पठनीय सामग्री जिसमें पुस्तकें, पत्रिकाएँ, ई जर्नल्स आदि शामिल हैं, का रिकार्ड रखना। यह भौतिक तथा इलेक्ट्रॉनिक दोनों रूपों में हो सकता है। कौन सी पुस्तक, पुस्तकालय में मौजूद है या किसी अन्य को जारी की गई है, यह जानकारी तुरंत उपलब्ध करानी हो सकती है। जीर्ण शीर्ण हो गई पुस्तक का नया संस्करण मंगाना, नव प्रकाशित पुस्तकों में से चयन कर, उनके क्रय हेतु मंजूरी लेना और आदेश पर पुस्तकें मंगाना, पत्रिकाओं तथा जर्नल्स की सदस्यता का नवीकरण कराना, अर्द्धवार्षिक या वार्षिक रूप से स्टॉक टेकिंग आपके कार्यों में शामिल होंगे। आपका संपर्क विद्यार्थियों, शिक्षकों, शोधार्थियों, विद्वानों आदि से होगा जिनकी मांग के अनुसार पाठ्य सामग्री जारी करनी (उपलब्धता के अनुसार) होगी। यह भी सुनिश्चित करना होगा की जारी पुस्तकें आदि समय पर लौट आएँ। जहां ऐसा नहीं होता, वहाँ याद दिलाना होगा तथा जहां लागू हो, अर्थदण्ड अर्थात फाइन लेने की प्रक्रिया अपनानी होगी। आपको विषय विशेष (जैसे कि भारत के स्वतन्त्रता संग्राम, जलवायु परिवर्तन जनित चुनौतियों आदि) से संबंधित संदर्भ जुटाने का कार्य भी सौंपा जा सकता है। व्यावसायिक कंपनियों के पुस्तकालय में वार्षिक रिपोर्ट (अपनी तथा अन्य कंपनियों की) जुटानी हो सकती है। विश्वविद्यालयों में पुस्तकों-पत्रिकाओं के साथ-साथ शोध प्रबंध (थीसिस) की देखरेख करनी होती है। पुस्तकालय प्रबंधन के लिए आज सॉफ्टवेयर भी मौजूद हैं जो परिष्कृत परिणाम देने के साथ समय और श्रम की बचत भी करते हैं।

### शिक्षा

पुस्तकालय व सूचना विज्ञान में डिप्लोमा करना आपको पुस्तकालय सहायक (लाइब्रेरी असिस्टेंट) की नौकरी दिला सकता है। यहाँ से शुरुआत की जा सकती है। लाइब्रेरियन के पद पर काम करने हेतु विषय में ग्रेजुएट (B. Lib) होना न्यूनतम आवश्यकता है। पोस्टग्रेजुएट डिग्रीधारकों के लिए निश्चित रूप से बेहतर अवसर हैं।

बारहवीं की पढ़ाई पूरी करने के बाद आप उक्त विषय के डिप्लोमा अथवा स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश ले सकते हैं। आपने किन विषयों के साथ बारहवीं की है, यह मायने नहीं रखता। इसी प्रकार पुस्तकालय व सूचना विज्ञान में स्नातकोत्तर कोर्स करने के लिए प्रायः यह अनिवार्य नहीं माना जाता कि आपकी स्नातक डिग्री भी इसी विषय में रही हो।

(शेष पृष्ठ 8 पर)

# आदर्श योजना अनुभाग

## संस्कृत संवर्धन योजना

**(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार की केंद्रीय योजनाएँ)**

अंतर्गत

# केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय

(संसद के अधिनियम द्वारा स्थापित)
56–57, इन्स्टीट्यूशनल एरिया, जनकपुरी, नई दिल्ली–110058
वेबसाइट : www.sanskrit.nic.in

**विज्ञापन संख्याः 02/2025** **दिनांकः 20.11.2025**

## संस्कृत संवर्धन की केंद्रीय योजनाओं के तहत मान्यता प्राप्त विभिन्न आदर्श संस्कृत महाविद्यालयों (ASMs)/ आदर्श संस्कृत शोध संस्थानों (ASSSs) में शिक्षण/अन्य शैक्षिक पदों पर सीधी भर्ती के लिए रिक्तियों की अधिसूचना

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, दिल्ली (CSU), भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय की ओर से संस्कृत संवर्धन हेतु भारत सरकार की केंद्रीय योजनाओं को लागू करने वाली नोडल एजेंसी है। इन केंद्रीय योजनाओं में से एक, जिसका शीर्षक है **"आदर्श संस्कृत महाविद्यालयों (ASMs)/आदर्श संस्कृत शोध संस्थानों (ASSSs) के रूप में मान्यता प्राप्त संस्थानों को वित्तीय सहायता योजना (संशोधित आदर्श योजना–2022)"**, के तहत देश के विभिन्न भागों में वित्तीय सहायता के लिए कई संस्थानों को ASMs/ASSSs के रूप में मान्यता दी गई है। इस संदर्भ में, उक्त योजना के प्रावधानों के तहत, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, दिल्ली, इन अनुदानग्राही आदर्श संस्थानों की ओर से, उपर्युक्त योजना के तहत मान्यता प्राप्त विभिन्न ASMs/ASSSs में निम्नलिखित शिक्षण/अन्य शैक्षिक पदों पर **सीधी भर्ती** के लिए भारतीय नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है।

आवेदकों को CSU की वेबसाइट **www.sanskrit.nic.in** पर **"Recruitment/Notification"** (भर्ती/अधिसूचना) शीर्षक के तहत दिए गए लिंक के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करना आवश्यक है। यह लिंक देश के विभिन्न राज्यों में स्थित संबंधित **16 ASMs/ASSSs** की वेबसाइटों पर भी उपलब्ध है। विषय–वार, संस्थान–वार रिक्तियों, श्रेणी–वार आरक्षण की स्थिति और आवेदन भरने की प्रक्रिया का विवरण निम्नानुसार दिया गया हैः

| क्र. सं. | आदर्श संस्थान का नाम | पद एवं वेतन स्तर (7वें सीपीसी के अनुसार) | विषय | पदों की संख्या एवं आरक्षण का विवरण | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अना. UR | अ.जा. SC | अ.ज.जा. ST | अ.पि.व. OBC | आ.क.व. EWS | कुल Total | दिव्यांग PwBD |
| 1. | कालिकट आदर्श संस्कृत विद्यापीठ, पोस्ट–बलुस्सरी, जिला कोझिकोड, केरल–673612 **वेबसाइटः www.calicutadarsha.com** | **सहायक आचार्य** [शैक्षणिक वेतन स्तर–10 (₹57,700–1,82,400)] | व्याकरण | 01 | - | - | - | - | 03 | - |
| | | | दर्शन | 01 | - | - | - | - | | |
| | | | साहित्य | - | - | 01 | - | - | | |
| 2. | श्री रंगलक्ष्मी आदर्श संस्कृत महाविद्यालय, वृंदावन, जिला मथुरा, उत्तर प्रदेश–281121 **वेबसाइटः www.ranglaxmi.com** | **सहायक आचार्य** [शैक्षणिक वेतन स्तर–10 (₹57,700–1,82,400)] | व्याकरण | 01 | - | - | - | - | 02 | - |
| | | | साहित्य | - | 01 | - | - | - | | |
| 3. | श्री एकरासनंद आदर्श संस्कृत महाविद्यालय, जिला मैनपुरी, उत्तर प्रदेश–205001 **वेबसाइटः www.easm.in** | **सहायक आचार्य** [शैक्षणिक वेतन स्तर–10 (₹57,700–1,82,400)] | पुराणेतिहास | 01 | - | - | 01 | - | 03 | - |
| | | | साहित्य | - | 01 | - | - | - | | |
| 4. | श्री दीवान कृष्ण किशोर एस.डी. आदर्श संस्कृत महाविद्यालय (लाहौर), अंबाला कैंट–133001, हरियाणा **वेबसाइटः www.sdsanskritcollegeambala.in** | **सहायक आचार्य** [शैक्षणिक वेतन स्तर–10 (₹57,700–1,82,400)] | व्याकरण | - | - | - | 01 | - | 02 | - |
| | | | साहित्य | 01 | - | - | - | - | | |
| 5. | राजकुमारी गणेश शर्मा संस्कृत विद्यापीठ, कोल्हंता पाटोरी, जिला–दरभंगा, बिहार–846003 **वेबसाइटः www.rkgssv.in** | **सहायक आचार्य** [शैक्षणिक वेतन स्तर–10 (₹57,700–1,82,400)] | व्याकरण | 01 | - | - | 01 | - | 03 | - |
| | | | साहित्य | 01 | - | - | - | - | | |
| 6. | श्री सीताराम वैदिक आदर्श संस्कृत महाविद्यालय, 7/2A, पी.डब्ल्यू.डी. रोड, कोलकाता–700035 (पश्चिम बंगाल) **वेबसाइटः www.srisitaramvaidicasm.com** | **सहायक आचार्य** [शैक्षणिक वेतन स्तर–10 (₹57,700–1,82,400)] | व्याकरण | 01 | - | - | - | - | 06 | 01* श्रेणी (a) |
| | | | साहित्य | - | 01 | - | - | - | | |
| | | | ज्योतिष | 01 | - | - | 01 | - | | |
| | | | दर्शन | - | - | - | - | 01 | | |
| | | | बौद्ध दर्शन | - | - | - | 01 | - | | |
| 7. | कालियाचक बिक्रम किशोर आदर्श संस्कृत महाविद्यालय, ग्राम–कालियाचक, पोस्ट–हेरिया, जिला–मेदिनिपुर–721430 (पश्चिम बंगाल) **वेबसाइटः www.kaliachakbkasanskritmahavidyalaya.org** | **सहायक आचार्य** [शैक्षणिक वेतन स्तर–10 (₹57,700–1,82,400)] | व्याकरण | - | - | - | 01 | - | 02 | - |
| | | | धर्मशास्त्र | 01 | - | - | - | - | | |
| 8. | श्री राम सुंदर संस्कृत विश्वविद्यालय प्रतिष्ठान, लक्ष्मीनाथ नगर, रामौली बेलौन, मार्ग–बहेड़ा, जिला–दरभंगा–847201 (बिहार) **वेबसाइटः www.srssvvp.in** | **सहायक आचार्य** [शैक्षणिक वेतन स्तर–10 (₹57,700–1,82,400)] | व्याकरण | 01 | 01 | - | - | - | 05 | 01* श्रेणी (b) |
| | | | ज्योतिष | - | - | - | 01 | - | | |
| | | | वेद–कर्मकांड एवं पौराहित्य | 01 | - | - | - | - | | |
| | | | साहित्य | - | - | - | - | **01*** | | |
| 9. | श्री भगवानदास आदर्श संस्कृत महाविद्यालय, पोस्ट–गुरुकुल कांगड़ी, जिला–हरिद्वार–249404 (उत्तराखंड) **वेबसाइटः www.bdasmharidwar.ac.in** | **सहायक आचार्य** [शैक्षणिक वेतन स्तर–10 (₹57,700–1,82,400)] | व्याकरण | 01 | - | - | - | - | 02 | - |
| | | | दर्शन | - | - | - | - | 01 | | |
| 10. | सनातन धर्म आदर्श संस्कृत महाविद्यालय, डोहगी, जिला–ऊना–174307 (हिमाचल प्रदेश) **वेबसाइटः www.sdasm.in** | **सहायक आचार्य** [शैक्षणिक वेतन स्तर–10 (₹57,700–1,82,400)] | साहित्य | - | **01*** | - | - | - | 02 | -- |
| | | | ज्योतिष | - | - | - | 01 | - | | |
| 11. | श्री अहोबिल मठ आदर्श संस्कृत महाविद्यालय, 53, सन्निधि स्ट्रीट, मदुरांटकम–603306 (तमिलनाडु) **वेबसाइटः www.mkmsanskritcollege.org** | **सहायक आचार्य** [शैक्षणिक वेतन स्तर–10 (₹57,700–1,82,400)] | न्याय | 01 | - | - | - | - | 05 | - |
| | | | वेदांत (विशिष्ट अद्वैत) | 01 | - | - | - | - | | |
| | | | साहित्य | - | 01 | - | - | 01 | | |
| | | | तमिल | - | - | - | 01 | - | | |
| 12. | रानी पद्मावती तारा योगतंत्र आदर्श संस्कृत महाविद्यालय, इंद्रपुर (शिवपुर), वाराणसी, उत्तर प्रदेश–221003 **वेबसाइटः www.ranipadmawatiasm.in** | **सहायक आचार्य** [शैक्षणिक वेतन स्तर–10 (₹57,700–1,82,400)] | दर्शन | - | - | - | 01 | - | 05 | 01* श्रेणी (c) |
| | | | साहित्य | - | 01 | - | 01 | - | | |
| | | | वेद–कर्मकांड एवं पौराहित्य | 01 | - | - | - | - | | |
| | | | ज्योतिष | - | - | - | - | 01 | | |
| 13. | हिमाचल आदर्श संस्कृत महाविद्यालय, जांगला (रोहड्डू), तहसील–चिरगांव, जिला–शिमला, (हिमाचल प्रदेश)–171214 **वेबसाइटः www.sktjangla.com** | **सहायक आचार्य** [शैक्षणिक वेतन स्तर–10 (₹57,700–1,82,400)] | साहित्य | 01 | - | - | - | - | 04 | - |
| | | | व्याकरण | - | - | - | 01 | 01 | | |
| | | | ज्योतिष | - | 01 | - | - | - | | |

| क्र. सं. | आदर्श संस्थान का नाम | पद एवं वेतन स्तर (7वें सीपीसी के अनुसार) | विषय | पदों की संख्या एवं आरक्षण का विवरण | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अना. UR | अ.जा. SC | अ.ज.जा. ST | अ.पि.व. OBC | आ.क.व. EWS | कुल Total | दिव्यांग PwBD |
| 14. | राधा माधव आदर्श संस्कृत महाविद्यालय, पोस्ट–नांबोल, मणिपुर–795134 **वेबसाइट: www.radhamadhava.net** | **सहायक आचार्य** [शैक्षणिक वेतन स्तर–10 (₹57,700–1,82,400)] | व्याकरण | 02 | - | - | - | - | 12 | 01* श्रेणी (e) |
| | | | दर्शन | 01 | - | - | - | 01 | | |
| | | | साहित्य | 01 | - | - | 01 | - | | |
| | | | ज्योतिष | 01 | - | - | 01 | - | | |
| | | | वैद–कर्मकांड एवं पौराहित्य | 01 | - | - | - | - | | |
| | | | अंग्रेज़ी | - | 01 | - | - | - | | |
| | | | हिन्दी | 01 | - | - | - | - | | |
| | | | मणिपुरी | - | - | - | 01 | - | | |
| 15. | पूर्णप्रज्ञ संशोधन मंदिरम् (आदर्श शोध संस्थान), डॉ. विश्वेशतीर्थ स्वामीजी मार्ग, कत्रिगुप्पा मेन रोड, बेंगलुरु, कर्नाटक–560070 **वेबसाइट: www.ppsm.res.in** | **सहायक आचार्य** [शैक्षणिक वेतन स्तर–10 (₹57,700–1,82,400)] | अनुसंधान (दर्शन, पांडुलिपि विज्ञान, संपादन एवं प्रकाशन) | 01 | - | - | - | - | 01 | - |
| | | **कॉलेज लाइब्रेरियन** [शैक्षणिक वेतन स्तर–10 (₹57,700–1,82,400)] | ---- | 01 | - | - | - | - | 01 | |
| 16. | संस्कृत अकादमी (आदर्श शोध संस्थान), ऊरमानिया विश्वविद्यालय, हैदराबाद–500007 (तेलंगाना) **वेबसाइट: www.sanskritacademy.net** | **सहायक आचार्य** [शैक्षणिक वेतन स्तर–10 (₹57,700–1,82,400)] | अनुसंधान (संस्कृत, पांडुलिपि विज्ञान, संपादन एवं प्रकाशन) | 01 | - | - | - | - | 01 | - |
| | | | **कुल पद** | **27** | **09** | **01** | **15** | **07** | **59** | **04** |

**टिप्पणी (Note):–**

1. **SC** – अनुसूचित जाति (Scheduled Caste), **ST** – अनुसूचित जनजाति (Scheduled Tribes), **OBC** – अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर–क्रीमी लेयर) (Other Backward Class & Non - creamy layer), **EWS** – आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (Economically Weaker Section), **UR** – अनारक्षित (Unreserved), **PwBD** – बेंचमार्क दिव्यांग जन (Persons with Benchmark Disability)
2. **EWS:** यदि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) से संबंधित कोई उपयुक्त व्यक्ति उपलब्ध नहीं होता है, तो कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग (DoPT) के कार्यालय ज्ञापन संख्या 36039/1/2019–Estt (Res) दिनांक 31.01.2019 का खंड 6.3 लागू होगा ।
3. *** PwBD:** भारत सरकार के मानदंडों के अनुसार **बेंचमार्क दिव्यांग व्यक्तियों** के लिए आरक्षित पद। PwBD के लिए आरक्षित पद (पदों) हेतु, UR/SC/OBC/EWS यानी किसी भी श्रेणी के उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं। PwBD आरक्षण के तहत श्रेणियां निम्नलिखित हैं:

   **श्रेणी (a):** अंधापन और कम दृष्टि (Blindness and Low Vision)

   **श्रेणी (b):** बहरापन और सुनने में कठिनाई (Deaf and Hard of Hearing)

   **श्रेणी (c):** लोकोमोटर दिव्यांगता (Locomotor Disability) जिसमें सेरेब्रल पाल्सी, कुष्ठ रोग से ठीक हुए व्यक्ति, बौनापन, एसिड अटैक पीड़ित और मस्कुलर डिस्ट्रॉफी शामिल हैं ।

   **श्रेणी (d):** ऑटिज्म, बौद्धिक अक्षमता, विशिष्ट शिक्षण अक्षमता और मानसिक बीमारी।

   **श्रेणी (e):** खंड (a) से (d) के व्यक्तियों में से बहु– दिव्यांगता (Multiple Disabilities) जिसमें डेफ–ब्लाइंडनेस (Deaf & Blindness) शामिल है ।
4. @ यह ग्रहणाधिकार रिक्ति (Lien Vacancy) के विरुद्ध है ।
5. आवेदक किसी भी आवश्यक **अतिरिक्त/पूरक जानकारी** को शामिल करने के लिए ऑनलाइन आवेदन में कॉलम का **विस्तार** कर सकते हैं। **ध्यातव्य है कि पूर्ण ऑनलाइन आवेदन के साथ निर्धारित नियत तारीख तक उसकी हार्ड कॉपी जमा करना अनिवार्य है।** ऑनलाइन आवेदन को पूरित करने के साथ साथ उसकी हार्ड कॉपी समय सीमा के भीतर प्रेषित करना अनिवार्य है। ऐसा कर पाने की विफलता के परिणामस्वरूप बिना किसी पत्राचार के आवेदन अस्वीकार कर दिया जाएगा ।

**आवेदकों को निम्नलिखित बिंदुओं पर ध्यान देने की सलाह दी जाती है:**

1. **ऑनलाइन आवेदन जमा करने की समय–सारणी, जिसके बाद हार्ड कॉपी जमा करनी होगी, निम्नानुसार है:**
   - **ऑनलाइन पंजीकरण/आवेदन जमा करने की प्रारंभिक तिथि:** 20.11.2025 (गुरुवार)
   - **ऑनलाइन पंजीकरण/आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि:** 20.12.2025 (शनिवार) रात 11.30 बजे (भा.मा.स.) तक [जिसके बाद लिंक निष्क्रिय कर दिया जाएगा]
   - **हार्ड कॉपी प्राप्त होने की अंतिम तिथि:** 29.12.2025 (सोमवार)
2. विज्ञापित पद संबंधित उपर्युक्त **16 ASMs/ASSSs** के लिए ही हैं और वर्तमान आरक्षण नियमों के अनुसार तथा संबंधित ASMs/ASSSs से प्राप्त जानकारी के आधार पर उनकी ओर से विज्ञापित किए जा रहे हैं ।
3. योग्यता और अन्य पात्रता मानदंड UGC, भारत सरकार के मानदंड, CSU के भर्ती नियम विनियम (Regulations on Recruitment Rules), CSU के अध्यादेश (Ordinance), संशोधित आदर्श योजना–2022 के अनुसार होंगे और जैसा कि विस्तृत अधिसूचना में निर्दिष्ट है, जो CSU की वेबसाइट और/अथवा संबंधित ASM/ASSS की वेबसाइट पर उपलब्ध है। इसके अलावा, कोई भी संशोधन समय–समय पर UGC, भारत सरकार के मानदंडों, CSU के भर्ती नियम विनियम, CSU के अध्यादेश और संशोधित आदर्श योजना–2022 द्वारा निर्धारित दिशानिर्देशों के अनुसार ही होगा। ये पद **सीधी भर्ती** के माध्यम से भरे जाएंगे ।
4. उपर्युक्त विज्ञापित पद(पदों) पर सेवार्थ नियुक्त व्यक्ति **"आदर्श संस्कृत महाविद्यालयों (ASMs)/आदर्श संस्कृत शोध संस्थानों (ASSSs) के रूप में मान्यता प्राप्त संस्थानों को वित्तीय सहायता योजना – 2022"** और समय–समय पर जारी इसके संशोधनों के प्रावधानों के अनुसार शासित होंगे।
5. आदर्श संस्कृत महाविद्यालयों (ASMs)/आदर्श संस्कृत शोध संस्थानों (ASSSs) में उपर्युक्त पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया इन अनुदानग्राही संस्थानों की ओर से संशोधित आदर्श योजना–2022, UGC और CSU के विनियमों तथा अध्यादेशों के अनुसार, **केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, दिल्ली में केंद्रीय रूप से संचालित** की जाएगी। चयन समिति की सिफारिशों के आधार पर, CSU संबंधित ASM/ASSS में उपर्युक्त पदों की आवश्यकता के अनुसार, विषय–वार और संस्थान–वार **मेरिट पैनल तैयार करेगा।**
6. **संस्थानों की प्राथमिकता:** जो आवेदक कई संस्थानों में शिक्षण पदों के लिए आवेदन करना चाहते हैं, वे ऑनलाइन आवेदन में अपनी प्राथमिकता के आधार पर कुल 16 (सोलह) संस्थानों में से अधिकतम **05 (पांच) संस्थानों** तक का चयन कर सकते हैं। हालांकि, विज्ञापानुसार शेष संस्थानों (जो योजना के तहत मान्यता प्राप्त हैं), अर्थात् देश के किसी भी ASM/ASSS के पदों के लिए भी चयन का एक **अतिरिक्त विकल्प** भी है। इस विकल्प का चयन करने का अर्थ होगा कि उम्मीदवार उन पांच आदर्श संस्कृत महाविद्यालयों के अलावा **अन्य विज्ञापित संस्थानों में नियुक्ति के लिए विचार किए जाने हेतु सहमत है** जिनका संकेत उसने दिया है। उम्मीदवार साक्षात्कार के समय भी अपनी पोस्टिंग की प्राथमिकता के लिए स्थान इंगित/संशोधित कर सकते हैं। अभ्यर्थी का साक्षात्कार समाप्त होने के बाद, आगे कोई संशोधन स्वीकार्य नहीं होगा ।

7. **चयनित उम्मीदवार (उम्मीदवारों) को संबंधित आदर्श संस्कृत महाविद्यालय (ASM)/आदर्श संस्कृत शोध संस्थान (ASSS) द्वारा नियुक्त किया जाएगा, और उम्मीदवार उसी संस्थान का कर्मचारी होगा जिसमें उसे संबंधित ASM/ASSS की प्रबंधन समिति द्वारा नियुक्त किया जाता है, न कि भारत सरकार या केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, दिल्ली का।** केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, दिल्ली संशोधित आदर्श योजना–2022 के प्रावधान के तहत इन संस्थानों की ओर से केवल **केंद्रीय भर्ती प्रक्रिया संचालित करने वाली नोडल एजेंसी** के रूप में कार्य कर रहा है। सभी आवेदक यह ध्यान दें कि: **"इस योजना के तहत वित्तीय सहायता प्राप्त करने वाले ASM/ASSS में शिक्षण के साथ–साथ अन्य शैक्षणिक पदों पर नियुक्त सभी व्यक्ति उसी विशेष ASM/ASSS के कर्मचारी होंगे, न कि भारत सरकार/केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के। किसी भी परिस्थिति में उनकी तुलना भारत सरकार या केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के कर्मचारियों से नहीं की जाएगी। विश्वविद्यालय की देयता (Liability) ASMs/ASSSs को अनुदान/वित्तीय सहायता प्रदान करने और इस योजना में निर्धारित मुद्दों पर प्रशासनिक नियंत्रण तक सीमित रहेगी ।"**

8. **भर्ती नियमों का उपयोग:** CSU कैडर भर्ती नियम (CRRs)/अध्यादेश मुख्य रूप से CSU में चयन के लिए हैं। CRRs का नियम 3 स्पष्ट रूप से कहता है कि वे केवल CSU कर्मचारियों पर लागू होते हैं। साथ ही, संशोधित आदर्श योजना, 2022 का पैरा 40 निर्धारित करता है कि ASMs/ASSSs में शिक्षण/अन्य शैक्षिक /गैर–शिक्षण पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया UGC/CSU के विनियमों/अध्यादेशों के अनुसार CSU, दिल्ली द्वारा केंद्रीय रूप से संचालित की जाएगी। इसलिए, भर्ती/चयन के उद्देश्य से, CSU के विनियमों/अध्यादेशों को ASMs/ASSSs में भर्ती/चयन के लिए **मॉडल भर्ती नियम (Model RRs)/ अध्यादेशों** के रूप में लिया जाता है। यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि CSU के भर्ती नियम, आदर्श योजना, 2022 के पैरा 40 में निर्धारित अनुसार, ASMs/ASSSs के लिए मॉडल भर्ती नियमों के रूप में लिए गए हैं, और उनका अनुप्रयोग आदर्श दिशानिर्देश, 2022 में दिए गए अनुसार **यथोचित परिवर्तन सहित (mutatis mutandis)** होगा। इन मॉडल भर्ती नियमों का अनुप्रयोग ASM/ASSS में नियुक्त किसी भी व्यक्ति को ऐसा कोई अधिकार/अतिरिक्त लाभ नहीं देगा, जो संशोधित आदर्श दिशानिर्देश, 2022 में लिखित रूप से प्रदान नहीं किया गया हो ।

9. **आवेदन शुल्क:** प्रत्येक आवेदक को **₹ 3,000/–** (SC/ST/PwBD के लिए **₹ 1,500/–**) का आवेदन शुल्क देना होगा, जिसका भुगतान केवल **ऑनलाइन माध्यम** से किया जा सकता है। आवेदन शुल्क के लिए भुगतान का कोई अन्य तरीका स्वीकार नहीं किया जाएगा। एक बार भुगतान किया गया शुल्क किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं किया जाएगा। आवेदकों को शुल्क का भुगतान **प्रति विषय केवल एक बार** करना होगा, भले ही वे उस विषय के लिए कई संस्थानों में आवेदन कर रहे हों। हालांकि, यदि **किसी भिन्न विषय** के लिए आवेदन किया जाता है, तो उसे एक अलग आवेदन माना जाएगा, और आवेदक को लागू शुल्क का भुगतान फिर से करना होगा ।

10. **हार्ड कॉपी जमा करने की प्रक्रिया:** ऑनलाइन आवेदन जमा करने के बाद, उम्मीदवार को आवेदन पत्र की विधिवत हस्ताक्षरित हार्ड कॉपी (प्रत्येक विषय के लिए अलग), सभी सहायक दस्तावेजों और प्रकाशनों की स्व–सत्यापित प्रतियों के साथ **"कुलसचिव, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, 56–57, इंस्टीट्यूशनल एरिया, जनकपुरी, नई दिल्ली–110058"** को **पंजीकृत डाक** के माध्यम से **29 दिसंबर, 2025** तक भेजना होगा, अन्यथा उम्मीदवारी अस्वीकार हो सकती है। डाक में देरी या किसी अन्य कारण से निर्धारित अंतिम तिथि के बाद आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी प्राप्त होने के लिए केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय जिम्मेदार नहीं होगा। नियत तारीख के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा, और ऐसे आवेदकों की उम्मीदवारी बिना किसी और पत्राचार के **स्वतः रद्द** मानी जाएगी। उम्मीदवारों को निर्देश दिया जाता है कि वे आवेदन पत्र की विधिवत हस्ताक्षरित हार्ड कॉपी सभी सहायक दस्तावेजों और प्रकाशनों की स्व–सत्यापित प्रतियों के साथ जमा करें, और दस्तावेज सत्यापन/साक्षात्कार के समय या भर्ती प्रक्रिया के किसी भी बाद के चरण में **मूल प्रतियाँ प्रस्तुत करें ।**

11. ऑनलाइन आवेदन पत्र में दिए गए कॉलम को आवश्यक **अतिरिक्त जानकारी प्रदान करने के लिए बढ़ाया** जा सकता है।

12. आवेदक द्वारा प्रस्तुत की गई जानकारी की प्रामाणिकता के लिए वह **स्वयं ही पूरी तरह से जिम्मेदार** होगा।

13. उपर्युक्त निर्धारित अंतिम तिथियों को CSU के सक्षम प्राधिकारी द्वारा, स्थिति की आवश्यकता के आधार पर, **अपने विवेक पर बढ़ाया** जा सकता है। इस आशय की अधिसूचना CSU, दिल्ली की वेबसाइट और संबंधित ASM/ASSS की वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएगी। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे CSU की वेबसाइट **www.sanskrit.nic.in** और/या संबंधित ASM/ASSS वेबसाइट पर **नियमित रूप से देखते रहें।** अपूर्ण आवेदन/अपेक्षित शुल्क के बिना जमा किए गए आवेदन को **अस्वीकार** कर दिया जाएगा ।

14. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे विज्ञापित पद को भरने के लिए विभिन्न चरणों में चयन प्रक्रियाओं से संबंधित सभी महत्वपूर्ण अपडेट/घोषणाओं/सूचनाओं/शुद्धिपत्रों/नोटिसों और अन्य विवरणों के लिए **CSU की वेबसाइट पर नियमित रूप से देखते रहें ।**

15. पात्रता मानदंड, शैक्षणिक योग्यता, विशेषज्ञता, अनुभव, आरक्षण, सेवा शर्तें, परिलब्धियाँ (Emoluments), आवेदन प्रपत्र, अन्य नियम और शर्तों आदि के संबंध में अधिक विवरण के लिए, कृपया केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, दिल्ली की उपर्युक्त वेबसाइट पर जाएँ ।

16. आवेदन पत्रों की विस्तृत जाँच प्रक्रिया, शॉर्टलिस्टिंग मानदंड और बहुविकल्पीय प्रश्नों (MCQs) वाली ओएमआर (OMR) आधारित परीक्षा तथा पाठ्यक्रम शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों की क्षमताओं को समझने के लिए मूल्यांकन मानदंड (वीडियो प्रस्तुति, अनुसंधान योग्यता और लेखन कौशल का मूल्यांकन और पीपीटी प्रस्तुति), दस्तावेज सत्यापन और सभी शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों के लिए आमने–सामने का साक्षात्कार जल्द ही घोषित किया जाएगा, जिसे सीएसयू (CSU) की वेबसाइट **www.sanskrit.nic.in** पर संबंधित विज्ञापन संख्या के तहत देखा जा सकता है ।

17. **सेवारत उम्मीदवार (Employed Candidates):** जो उम्मीदवार पहले से ही सेवारत हैं, उन्हें ऑनलाइन आवेदन जमा करते समय अपने नियोक्ता (Employer) से **"अनापत्ति प्रमाण पत्र" (No Objection Certificate & NOC)** प्रस्तुत/अपलोड करना होगा। मूल अनापत्ति प्रमाण पत्र और सतर्कता मंजूरी प्रमाण पत्र (Vigilance Clearance Certificate) संबंधित नियोक्ता से दस्तावेज सत्यापन/साक्षात्कार के समय जमा करना अनिवार्य है ।

18. **विलंब से बचने की सलाह:** उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे निर्धारित अंतिम तिथि से काफी पहले आवेदन जमा करें ताकि अंतिम तिथि से पहले नेटवर्क/सर्वर पर संभावित भारी लोड के कारण ऑनलाइन आवेदन जमा करने में किसी भी बाधा का सामना न करना पड़े। CSU/संबंधित ASM/ASSS इस संबंध में किसी भी शिकायत पर विचार नहीं करेगा ।

19. **संशोधन का अधिकार और संचार:** CSU किसी भी त्रुटि आदि की स्थिति में विज्ञापन में किसी भी सुधार/संशोधन/परिवर्तन करने का अधिकार सुरक्षित रखता है, जिसके लिए उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे CSU की वेबसाइट पर घोषणाओं/अधिसूचनाओं को देखते रहें। उपर्युक्त पदों की चयन प्रक्रिया से संबंधित जानकारी CSU की वेबसाइटों या संबंधित उम्मीदवारों को ईमेल संचार के माध्यम से भेजी जाएगी। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे CSU और/अथवा संबंधित ASM की वेबसाइटों या आवेदन पत्र में दिए गए अपने पंजीकृत ईमेल (जिसमें **SPAM फोल्डर** भी शामिल है) को **नियमित रूप से देखते रहें।** CSU द्वारा संचार का कोई अन्य तरीका नहीं अपनाया जाएगा ।

20. **संपर्क विवरण की सटीकता:** उम्मीदवारों को अपनी संपर्क जानकारी, विशेष रूप से अपना **ईमेल आईडी**, पंजीकृत मोबाइल नंबर और वैकल्पिक मोबाइल नंबर दर्ज करते समय **अत्यधिक सावधानी** बरतनी चाहिए। इन क्षेत्रों में त्रुटियों से आवश्यक संचार बाधित हो सकता है, और CSU संचार की किसी भी विफलता के लिए जिम्मेदार नहीं होगा ।

21. **नियुक्ति प्राधिकारी और कर्मचारी की स्थिति:** इन पदों के लिए नियुक्ति प्राधिकारी (Appointing Authority) केवल संबंधित आदर्श संस्थान हैं, और चयनित उम्मीदवार (कर्मचारी) के नियोक्ता भी वे ही होंगे। इस संदर्भ में केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, दिल्ली की भूमिका केवल UGC/CSU चयन प्रक्रियाओं के माध्यम से केंद्रीय रूप से उम्मीदवारों का चयन करना और उनकी स्वीकृति और नियुक्ति के लिए पैनल संबंधित ASM/ASSS को उपलब्ध कराना है। सभी आवेदक यह ध्यान दें कि: **"इस योजना के तहत वित्तीय सहायता प्राप्त करने वाले ASM/ASSS में शिक्षण के साथ–साथ अन्य शैक्षणिक पदों पर नियुक्त सभी व्यक्ति उसी विशेष ASM/ASSS के कर्मचारी होंगे, न कि भारत सरकार/केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के। किसी भी परिस्थिति में उनकी तुलना भारत सरकार या केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के कर्मचारियों से नहीं की जाएगी। विश्वविद्यालय की देयता (Liability) ASM/ASSS को अनुदान/वित्तीय सहायता प्रदान करने और इस योजना में निर्धारित मुद्दों पर प्रशासनिक नियंत्रण तक सीमित रहेगी ।"**

22. केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के पास **बिना कोई कारण बताए** किसी भी समय विज्ञापन को आंशिक या पूर्ण रूप से प्रत्याहृत (withdraw) करने का अधिकार सुरक्षित है ।

23. पंजीकरण/ऑनलाइन आवेदन जमा करने आदि के दौरान किसी भी तकनीकी समस्या के लिए, **support-recruitment@csu.co.in** पर संपर्क करें ।

कुलसचिव

# दक्षिण पूर्व रेलवे

## रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ

न्यू एडमिनिस्ट्रेटिव बिल्डिंग, छठवीं मंजिल, गार्डनरीच, कोलकाता-700043

## वर्ष 2025-26 के लिए स्काउट्स एवं गाइड्स कोटा के तहत भर्ती हेतु खुली विज्ञप्ति अधिसूचना

**एम्प्लॉयमेंट नोटिस सं. आरआरसी/एसईआर/एसएंडजी कोटा/2025-26 दिनांक: 14/11/2025**

दक्षिण पूर्व रेलवे में वर्ष 2025-26 के लिए पीबी-I ग्रेड पे - रु. 1900/1800 [छठवां सीपीसी] तथा लेवल-2/1 [सातवां सीपीसी] में लेवल-2 एवं पूर्ववर्ती लेवल-1 ग्रेड में स्काउट्स एवं गाइड्स कोटा रिक्तियों के तहत भर्ती के लिए **भारत स्काउट्स एवं गाइड्स** के सक्रिय सदस्यता रखने वाले भारतीय नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

**स्काउट्स एवं गाइड्स की योग्यता नहीं रखने वाले उम्मीदवारों को आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है।**

विवरण नीचे उल्लेखित हैं:

**1.0 अनुसूची:**

| | |
|---|---|
| i. | **वेबसाइट पर अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख: 14.11.2025** |
| ii. | **ऑनलाइन आवेदनों के खोले जाने की तारीख एवं समय: 29.11.2025** |
| iii. | **ऑनलाइन आवेदनों के बंद होने की तारीख एवं समय: 28.12.2025 को 23:59 बजे** |
| iv. | **लिखित परीक्षा तथा भर्ती की प्रक्रिया के अन्य चरणों की जानकारी समय-समय पर वेबसाइट (www.rrcser.co.in) के माध्यम से प्रदान की जाएगी** |

**2.0 रिक्तियों का विवरण :**

| क्र. सं. | श्रेणी | ग्रेड पे रु. में | पदों की संख्या | कोटा का वितरण |
|---|---|---|---|---|
| 1. | लेवल-2 (ग्रुप "सी") | 1,900/- | 02 | दक्षिण पूर्व रेलवे (मुख्यालय) के लिए 02 पद |
| 2. | लेवल-1 (ग्रुप "डी") | 1,800/- | 08 | आद्रा, चक्रधरपुर, खड़गपुर एवं रांची मंडलों के लिए प्रत्येक हेतु 02 पद |
| | **कुल योग** | | **10** | |

**3.0 आवश्यक शैक्षणिक योग्यता :**

| क्र.सं. | श्रेणी | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|
| 1. | लेवल-2 | **1.** सरकारी मान्यताप्राप्त शिक्षा बोर्ड/काउंसिल/संस्थान इत्यादि से बारहवीं (+2 चरण) अथवा समतुल्य परीक्षा उत्तीर्ण करने के साथ कुल योग का 50% से कम अंक नहीं होने चाहिए। एससी, एसटी, ईएसएम एवं पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों तथा यूजीसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से उच्चतर योग्यता रखने वाले उम्मीदवारों के लिए 50% अंकों की आवश्यकता नहीं है।<br>**(अथवा)**<br>सरकारी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10वी उत्तीर्ण साथ में एनसीवीटी द्वारा अनुमोदित नेशनल अप्रेंटिसशिप सर्टिफिकेट (एनएसी)/आईटीआई (इंजीनियरिंग में डिप्लोमा को वैकल्पिक उच्च योग्यता नहीं माना जाता है)।<br>**2. पैरा 5.0** के अनुसार स्काउटिंग/गाइडिंग योग्यता। |
| 2. | लेवल-1 | **1.** 10वीं कक्षा उत्तीर्ण अथवा आईटीआई अथवा समकक्ष शिक्षा अथवा एनसीवीटी द्वारा स्वीकृत नेशनल अप्रेंटिसशिप सर्टिफिकेट (एनएसी)।<br>**2. पैरा 5.0** के अनुसार स्काउटिंग/गाइडिंग योग्यता। |

**4.0** (i) एक उम्मीदवार को लेवल-1 एवं लेवल-2 पदों के लिए अलग-अलग आवेदन करना चाहिए।
(ii) संबंधित पद सभी समुदायों के लिए खुले हैं तथा किसी भी समुदाय के लिए आरक्षण नहीं है।

**5.0 स्काउटिंग/गाइडिंग योग्यता (लेवल-2 एवं लेवल-1 दोनों श्रेणियों के लिए):**

पैरा 3.0 में उल्लेखित आवश्यक योग्यता के अलावा, लेवल-2 एवं लेवल-1 पदों (7वें सीपीसी) दोनों के लिए स्काउट्स एवं गाइड्स की नीचे उल्लेखित योग्यता लागू होंगी:

**(क) किसी भी अनुभाग में एक प्रेसिडेंट स्काउट/गाइड/रोवर/रेंजर अथवा हिमालयन वुड बैज (एचडब्ल्यूबी)। (ख) पिछले 5 वर्षों के लिए एक स्काउट संगठन का एक सक्रिय सदस्य होना चाहिए। "सक्रियता प्रमाणपत्र" परिशिष्ट-ए के अनुसार होना चाहिए तथा (ग) राष्ट्रीय स्तर अथवा अखिल भारतीय रेलवे स्तर पर कम से कम दो प्रतियोगिताओं एवं राज्य स्तर पर दो प्रतियोगिताओं में भाग लिया हुआ होना चाहिए।**

**6. आरक्षण:**

यह कोटा सभी उम्मीदवारों के लिए खुले हैं तथा एससी/एसटी/ओबीसी/ईएसएम/पीडब्ल्यूबीडी श्रेणियों से संबंधित उम्मीदवारों, जो इस कोटा के लिए प्रकाशित अधिसूचना के लिए आवेदन करते हैं, को सामान्य ओपन मार्केट भर्तियों में लागू उम्र की सीमा में छूट दी जाएगी। हालांकि, ऊपर उल्लेखित श्रेणियों से उम्मीदवार होने के नाते किसी भी छूट के साथ चयन होने पर, उन्हें रिजर्व रोस्टर प्वाइंट के आधार पर लिया जाएगा।

**उम्र की सीमा : (उम्र की गणना दिनांक 01.01.2026 से की जाएगी)**

| पद की श्रेणी | यूआर | ओबीसी | एससी/एसटी | सेवारत रेलवे कर्मी, भूतपूर्व सैनिक, पीडब्ल्यूबीडी/विधवा/तलाकशुदा महिलाएं/न्यायिक रूप से अलग हो चुकी महिलाएं, जिन्होंने दोबारा विवाह नहीं किया है/ पाठ्यक्रम पूरा कर चुके एक्ट अप्रेंटिस |
|---|---|---|---|---|
| लेवल-2 (ग्रुप 'सी') | 18 से 30 वर्ष | ऊपरी उम्र में 3 वर्षों | ऊपरी उम्र में 5 वर्षों | नीचे उल्लेखित मानदंड (7.i से 7.v) के अनुसार |
| लेवल-1 (ग्रुप 'डी') | 18 से 33 वर्ष | तक की छूट | तक की छूट | |

**उम्र के साक्ष्य :** उम्मीदवारों को जन्म प्रमाण के रूप में जन्म रजिस्ट्रार द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र अथवा दसवीं कक्षा का प्रमाण पत्र अथवा दसवीं कक्षा का प्रवेश पत्र अथवा सरकारी मान्यता प्राप्त शिक्षा बोर्ड द्वारा जारी जन्म तिथि दर्शाने वाला अंक पत्र प्रस्तुत करना होगा।

**टिप्पणी :** आवेदन पत्र में भरी गई जन्मतिथि मैट्रिकुलेशन/एसएसएलसी/दसवीं कक्षा अथवा समकक्ष प्रमाणपत्र में दर्ज जन्मतिथि के समान होनी चाहिए। बाद में इसमें किसी भी परिवर्तन के अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा। उम्मीदवार को ऑनलाइन आवेदन भरते समय किसी सरकारी मान्यता प्राप्त शिक्षा बोर्ड द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र अथवा दसवीं कक्षा के प्रमाणपत्र या दसवीं कक्षा के प्रवेश पत्र अथवा जन्मतिथि दर्शाने वाले अंक पत्र की स्कैन की हुई स्व-सत्यापित प्रतिलिपि अपलोड करनी होगी और दस्तावेज सत्यापन के समय मूल प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

**7.0 उम्र की सीमा में छूट :**

(i) सेवारत रेलवे कर्मियों, साथ में अस्थाई श्रमिकों, जिन्होंने निरंतर कम से कम तीन वर्षों की सेवा प्रदान कर चुके हैं, तथा स्थापन्न व्यक्ति जिन्होंने रेलवे में कम से कम तीन वर्षों की निरंतर सेवा अथवा खंडित अवधि में कम से कम तीन वर्षों की सेवा प्रदान कर चुके हैं, को उम्र की सीमा में निम्नलिखित छूट दी जाएगी : अधिकतम उम्र - लेवल-2 के लिए, यूआर - 40 वर्ष, ओबीसी - 43 वर्ष एवं एससी/एसटी-45 वर्ष तथा लेवल-1 के लिए, यूआर - 43 वर्ष, ओबीसी - 46 वर्ष एवं एससी/एसटी-48 वर्ष। **(ii)** विधवा/तलाकशुदा महिलाएं तथा कानूनी तौर पर अलग हो चुकी महिलाएं परंतु दोबारा विवाह नहीं की है। अधिकतम उम्र - लेवल-2 के लिए, यूआर - 35 वर्ष, ओबीसी - 38 वर्ष एवं एससी/एसटी-40 वर्ष तथा लेवल-1 के लिए, यूआर - 38 वर्ष, ओबीसी - 41 वर्ष एवं एससी/एसटी-43 वर्ष। **बेंचमार्क दिव्यांग व्यक्ति (पीडब्ल्यूबीडी)** : पैरा 6.0 के अलावा उम्र की सीमा में 10 वर्षों की छूट लागू है (सरकारी अस्पताल की कम से कम तीन (03) सदस्यों वाली कमिटी द्वारा जारी विकलांगता प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने पर)। **(iii)** भूतपूर्व सैनिकों के लिए ऊपरी उम्र सीमा में रक्षा बलों में दी गई सेवा की सीमा तक तथा 3 वर्ष की छूट दी जा सकती है, बशर्ते कि उन्होंने न्यूनतम 6 महीने की सत्यापित सेवा की हो। भूतपूर्व सैनिक, जो भूतपूर्व सैनिक के रूप में उन्हें आगे की नौकरी के लिए दिए जाने वाले अन्य लाभों का लाभ उठाने के बाद सिविल सेवा में पहले ही शामिल हो चुके हैं, इस भर्ती के उद्देश्य के लिए भूतपूर्व सैनिक का दर्जा नहीं मांग सकते हैं, ऐसे व्यक्ति को सिविल कर्मचारी माना जाएगा और तदनुसार वह केवल उम्र में छूट आदि जैसे लाभों का हकदार होगा, जो सिविल कर्मचारियों को इस संबंध में मौजूदा निर्देशों के अनुसार सामान्य रूप से देय हैं, बशर्ते कि वह ऐसे लाभों के अनुदान को संचालित करने वाली शर्तों को पूरा करता हो। **(iv)** अर्ध-प्रशासनिक कार्यालयों या संगठनों जैसे रेलवे उपभोक्ता सहकारी समितियों, कैण्टीन और संस्थानों आदि के कर्मचारियों को उम्र की सीमा में 05 वर्ष अथवा ऐसे संगठन में प्रदान की गई सेवा, जो भी कम हो, की छूट दी जाएगी। **(v)** पाठ्यक्रम पूरा करने वाले एक्ट अप्रेंटिस (सीसीएए) के लिए, लेवल -1 पदों के लिए आवेदन करने वाले यूआर उम्मीदवारों के लिए उम्र की सीमा 33 वर्ष, ओबीसी उम्मीदवारों के लिए 36 वर्ष और एससी / एसटी उम्मीदवारों के लिए 38 वर्ष होगी, साथ ही ऊपरी उम्र की सीमा में अप्रेंटिस अधिनियम, 1961 के तहत उनके द्वारा किए गए अप्रेंटिस प्रशिक्षण की सीमा तक छूट दी जा सकती है, जो अधिकतम तीन (3) वर्ष है।

**8.0 भर्ती की प्रक्रिया :**

इस अधिसूचना की अनुक्रिया में आवेदन करने वाले तथा योग्य पाए गए उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा के लिए बुलाया जाएगा। लिखित परीक्षा में न्यूनतम 40% अंक अर्जित करने वाले प्रतिभा के क्रम में रिक्त पदों का सिर्फ 5 गुणा उम्मीदवारों को ही प्रमाणपत्रों के सत्यापन के लिए बुलाया जाएगा। लिखित परीक्षा एवं स्काउट्स एवं गाइड्स कार्यकलापों के प्रमाणपत्रों के अंकों के आधार पर सम्पूर्ण प्रतिभा का आकलन किया जाएगा।

**(i) भर्ती की प्रक्रिया में नीचे उल्लेखित चरण शामिल होंगे:**

| क्रमांक | | विशेषता | अंक |
|---|---|---|---|
| **चरण-I** | | | |
| (क) | | **लिखित परीक्षा:** लेवल-2 एवं लेवल-1 के लिए लिखित परीक्षा में स्काउट्स एवं गाइड्स संगठन तथा उनके कार्यकलापों तथा सामान्य ज्ञान से संबंधित, द्वि-भाषिक प्रारूप में, लघु प्रकार के 40 प्रश्न होंगे (40 अंक) तथा 01 निबंध प्रकार के प्रश्न (20 अंक) शामिल होंगे।<br>लिखित परीक्षा की अवधि 60 मिनट होगी<br>***लिखित परीक्षा के लिए नाकारात्मक अंक होंगे तथा प्रत्येक गलत उत्तर के लिए लघु प्रकार के प्रश्नों हेतु आबंटित एक-तिहाई अंक की कटौती की जाएगी।*** | **60** |
| **चरण-II** | | | |
| (ख) | | **प्रमाणपत्रों पर अंक** | **40** |
| | (i) | **राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धाओं/नेशनल जम्बोरी (अखिल भारतीय रेलवे प्रतिस्पर्धाओं सहित) में भागीदारी/प्रदत्त सेवाएं:** | 10 |
| | • | प्रथम दो प्रमाणपत्र (यानी पात्रता की न्यूनतम योग्यता) | शून्य |
| | • | एक अतिरिक्त प्रतिस्पर्धा | 07 |
| | • | दो अथवा अधिक अतिरिक्त प्रतिस्पर्धा | 10 |
| | (ii) | **राज्य प्रतिस्पर्धाओं/रैलियों में भागीदारी/प्रदत्त सेवा** | 10 |
| | • | प्रथम दो प्रमाणपत्र (यानी पात्रता की न्यूनतम योग्यता) | शून्य |
| | • | एक अतिरिक्त प्रतिस्पर्धा | 07 |
| | • | दो अथवा अधिक अतिरिक्त प्रतिस्पर्धा | 10 |
| | (iii) | **राष्ट्रीय/राज्य/अखिल भारतीय रेलवे स्तर पर आयोजित विशेषता प्राप्त स्काउट्स/गाइड्स पाठ्यक्रम :** | 10 |
| | • | एक पाठ्यक्रम | 07 |
| | • | दो अथवा अधिक पाठ्यक्रम | 10 |
| | (iv) | **डिस्ट्रिक्ट रैलियों में भागीदारी:** | 10 |
| | • | एक प्रमाणपत्र | शून्य |
| | • | दो प्रमाणपत्र | 07 |
| | • | तीन प्रमाणपत्र | 10 |
| | | **कुल** | **100** |

**(ii)** उम्मीदवारों को केवल लिखित परीक्षा के उद्देश्य हेतु निम्नलिखित भाषाओं में से एक का चयन करना होगा: **हिंदी अथवा अंग्रेजी। (iii)** चरण-I और चरण-II को उत्तीर्ण करने के बाद और भर्ती समिति की सिफारिश के उपरांत, उम्मीदवार को अधिसूचित रिक्तियों के 1:1 के अनुपात में प्रतिभा के क्रम के अनुसार रेलवे अस्पताल में चिकित्सा जांच के लिए भेजा जाएगा। ऐसे उम्मीदवार को रेलवे चिकित्सा प्राधिकारी द्वारा निर्धारित चिकित्सा श्रेणी में स्वस्थ घोषित किया जाना अनिवार्य है, जैसा कि प्रस्तावित पद के लिए लागू है। **(iv)** लेवल-2 रेलवे सेवा में लिपिक-सह-टाइपिस्ट पद के रूप में नियुक्ति की स्थिति में, उम्मीदवारों को नियुक्ति की तारीख से दो साल की अवधि के भीतर अंग्रेजी में प्रति मिनट 30 शब्द अथवा हिंदी में प्रति मिनट 25 शब्द की टाइपिंग दक्षता हासिल करनी होगी, और उस समय तक उनकी नियुक्ति अनंतिम होगी। **(v)** आरआरसी/दपूरे द्वारा लिखित परीक्षा का समय और स्थान, स्काउट्स एंड गाइड्स और शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र का सत्यापन का निर्धारण किया जाएगा तथा निर्धारित समय के अंदर पात्र उम्मीदवारों को उसकी सूचना दी जाएगी। किसी भी परिस्थिति में लिखित परीक्षा/स्काउट्स एवं गाइड्स प्रमाणपत्रों एवं शैक्षिक योग्यता प्रमाणपत्रों के दस्तावेज सत्यापन को स्थगित करने के अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा। **(vi)** भर्ती के चरणों के लिए कॉल लेटर डाउनलोड करने की सुविधा लिखित परीक्षा से 15 दिन पहले उपलब्ध करा दी जाएगी। कॉल लेटर डाक द्वारा नहीं भेजे जाएंगे। इसलिए, उम्मीदवार नियमित रूप से आरआरसी/दपूरे की वेबसाइट देखते रहें।

**(vii) लिखित परीक्षा के लिए पाठ्यक्रम : लेवल-1 (सातवें सीपीसी) एवं लेवल-2 (सातवें सीपीसी): स्काउटिंग/गाइडिंग का इतिहास; कानून एवं वचन; संगठन - 'जिला एवं राज्य स्तर', प्रशिक्षण केंद्र - जिला एवं राज्य स्तर; किताबों का ज्ञान; भारत में लड़कों के लिए स्काउटिंग/लड़कियों के लिए गाइडिंग; मोटो, बायां हाथ मिलाना; सलामी; प्रार्थना; ध्वज गीत; राष्ट्रीय गीत; राष्ट्रीय एवं स्काउटिंग ध्वजों का ज्ञान; विभिन्न अवसरों पर सामाजिक सेवाएं; लंबी पैदल यात्रा; निपुणता बैज, इसे कैसे अर्जित किया गया है?; स्काउटिंग/गाइडिंग के चरण; विचार दिवस; स्काउट्स/गाइड्स/रोवरों/रेंजरों का प्रगतिशील प्रशिक्षण; नेतृत्व; हस्तकला; भारतीय रेलवे जम्बोरेट, राष्ट्रीय जम्बोरी, हवा में जम्बोरी।**

**राष्ट्रीय स्तर पर संगठन; राष्ट्रीय प्रशिक्षण केंद्र; डब्ल्यूएजीजीजीएस/डब्ल्यूओएसएम; उप राष्ट्रपति पुरस्कार प्रतियोगिता; प्रधानमंत्री शील्ड प्रतियोगिता; समुदाय विकास कार्यक्रम; स्काउटिंग के उद्देश्य एवं पद्धति; बेहतर नागरिक बनाने में स्काउटिंग कितना उपयोगी है?**

**9.0 परीक्षा शुल्क :**

**(i)** नीचे उप-पैरा (9.ii) में उल्लेखित को छोड़कर सभी उम्मीदवारों के लिए - रु. 500/- (रुपये पांच सौ मात्र) तथा लिखित परीक्षा में वास्तव में उपस्थित होने वालों को **रु. 400/-** (रुपये चार सौ) वापस करने के प्रावधान है। **(यूआर-पुरुष, ओबीसी-पुरुष, ईडब्ल्यूएस-पुरुष रु. 500/-)**। **(ii)** एससी, एसटी, भूतपूर्व सैनिक, पीडब्ल्यूबीडी, महिलाएं, अल्पसंख्यक एवं आर्थिक रूप से पिछड़ी श्रेणियों से संबंधित उम्मीदवारों के लिए **रु. 250/-** (रुपये दो सौ पचास) मात्र तथा लिखित परीक्षा में वास्तव में उपस्थित होने वालों को संबंधित रकम वापस करने के प्रावधान है। अधिसूचना में संलग्न परिशिष्ट के अनुसार एससी, एसटी, ओबीसी, आर्थिक रूप से पिछड़ी श्रेणियों तथा पीडब्ल्यूबीडी, ईएसएम सेवा मुक्ति प्रमाणपत्र संलग्न किए जाने चाहिए। **(iii)** उम्मीदवारों को इस अधिसूचना के पैरा-9/ii के अनुसार प्रासंगिक दस्तावेज अपलोड करने होंगे तथा लिखित परीक्षा के समय मूल प्रतिलिपि प्रस्तुत करनी होगी। **(iv)** परीक्षा शुल्क इंटरनेट बैंकिंग अथवा डेबिट कार्ड अथवा क्रेडिट कार्ड के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान करना होगा (उम्मीदवारों को शुल्कों के भुगतान के लिए सेवा शुल्क चुकना होगा)। **(v)** उम्मीदवारों को यह पुष्टी करनी होगी कि यदि वे लिखित परीक्षा में उपस्थित होने पर परीक्षा शुल्क के वापस योग्य हिस्से की रकम (रु. 400/- अथवा रु. 250/- जो लागू हो) उस खाते में प्राप्त करना चाहते हैं, जिससे उन्होंने भुगतान किया है अथवा अन्य खाते में रकम रिफंड चाहते हैं, तो उन्हें लाभार्थी खाते का विवरण यानी लाभार्थी का नाम, खाता संख्या, बैंक का नाम तथा उसके आईएफएससी कोड का उल्लेख करना होगा। लागू बैंक शुल्क की कटौती कर परीक्षा शुल्क के रिफंड हिस्से का भुगतान किया जाएगा। **(vi)** परीक्षा शुल्क वापसी का विकल्प चुनने वाले उम्मीदवारों को ऑनलाइन आवेदन पत्र में दिए गए टैब पर इसका उल्लेख करना होगा। ऐसा करने में विफल होने पर किसी भी परिस्थिति में परीक्षा शुल्क वापस नहीं किया जाएगा। **टिप्पणी:** **अल्पसंख्यक का अर्थ मुस्लिम, ईसाई, सिख, बौद्ध, जैन एवं जोरोस्ट्रियन पारसी होगा। **आर्थिक रूप से पिछड़ी श्रेणी का अर्थ ऐसे उम्मीदवार जिनका पारिवारिक आय प्रति वर्ष रु. 50000/- (रुपये पचास हजार) से कम है। **(viii)** ईबीसी उम्मीदवारों को **परिशिष्ट-VII** में उल्लेखित प्राधिकरण द्वारा आयकर प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा तथा ऑनलाइन आवेदन भरते समय उसे अपलोड करना होगा।

**10.0 आवेदन कैसे करें:**

**(i)** पात्र उम्मीदवारों को आरआरसी/दपूरे की वेबसाइट (**www.rrcser.co.in**) के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन भरने हेतु दिए गए लिंक पर जाना होगा तथा व्यक्तिगत विवरण/बायो-डेटा को ध्यानपूर्वक भरना होगा। **(ii)** उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे ऑनलाइन आवेदन में अपना व्यक्तिगत मोबाइल नंबर और व्यक्तिगत वैध ई-मेल आईडी का उल्लेख करें और पूरी भर्ती प्रक्रिया के दौरान उनसे संपर्क करने के लिए उन्हे सक्रिय रखें। **(iii)** उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उनका नाम/वर्तनी, पिता का नाम/वर्तनी, सामुदायिक विवरण, शैक्षणिक योग्यता और जन्म तिथि मैट्रिकुलेशन अथवा समकक्ष प्रमाण पत्र में दर्ज प्रविष्टियों से मेल खाती हो। **यदि उम्मीदवार के दस्तावेजों में नाम/वर्तनी/जन्म की तारीख आदि में महत्वपूर्ण भिन्नता/अंतर है तो जिस दिन विसंगति देखी जाती है, उसी दिन से उसकी उम्मीदवारी रद्द हो सकती है। इस संबंध में कोई दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा। इसलिए उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे अपने दस्तावेजों की अच्छी तरह से जांच कर लें।**

**11.0 अपलोड किए जाने वाले दस्तावेज:**

**(i) फोटोग्राफ: (क)** यह सफेद/हल्के रंग की पृष्ठभूमि वाला रंगीन पासपोर्ट आकार का फोटोग्राफ होना चाहिए। इसका आकार 35 मिमीx45मिमी अथवा 320x240 पिक्सल होना चाहिए। यह जेपीजी/जेपीईजी प्रारूप में 100 डीपीआई रेजोल्यूशन के साथ स्कैन किया हुआ होना चाहिए। फोटोग्राफ का आकार 20-50केबी के बीच होना चाहिए। **(ख)** रंगीन फोटोग्राफ वेब सूचना के प्रकाशन के समय अथवा उसके बाद किसी पेशेवर स्टूडियो में लिया गया होना चाहिए। मोबाइल से लिए गए फोटोग्राफ और स्वयं बनाए गए पोर्ट्रेट के कारण आवेदन अस्वीकार किया जा सकता है। **(ग)** लिखित परीक्षा, दस्तावेज सत्यापन और चिकित्सा जांच के दिन फोटोग्राफ उम्मीदवार के रूप-रंग से मेल खाना चाहिए। **(घ)** फोटो में उम्मीदवार का बिना टोपी और धूप के चश्मे के सामने का स्पष्ट दृश्य होना चाहिए। **(च)** कैमरे की ओर सीधे देखते हुए चेहरा फोटोग्राफ के कम से कम 50 प्रतिशत क्षेत्र पर होना चाहिए। चेहरे का मुख्य अंश सिर के बालों, किसी कपड़े या किसी छाया से ढकी नहीं होनी चाहिए। माथा, आँखें, नाक और ठुड्डी स्पष्ट रूप से दिखाई देनी चाहिए। **(छ)** यदि उम्मीदवार चश्मा पहनता है, तो फोटोग्राफ में चश्मे पर कोई चमक/प्रतिबिंब नहीं होना चाहिए और आँखें स्पष्ट रूप से दिखाई देनी चाहिए। **(ज)** भर्ती प्रक्रिया के सभी चरणों में सभी दस्तावेजों पर उम्मीदवारों का फोटोग्राफ एक जैसा होना चाहिए। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे भर्ती प्रक्रिया के दौरान आवश्यकतानुसार आगे उपयोग के लिए उसी तस्वीर की कम से कम 12 (बारह) प्रतिलिपियां अपने पास रखें। **(ii) हस्ताक्षर तथा बाँए हाथ के अंगूठे का निशान: (क)** आवेदक को 50 मिमी x 20 मिमी आकार के एक बॉक्स के अंदर काली स्याही से सफेद कागज पर बाँए हाथ के अंगूठे का निशान देना होगा तथा हस्ताक्षर करना होगा। चित्र 100 डीपीआई रिजोल्यूशन के साथ स्कैन किए गए जेपीजी/जेपीईजी प्रारूप में होने चाहिए। फाइल का आकार 10-40 केबी के बीच होना चाहिए। **(ख)** हस्ताक्षर और बाँए हाथ के अंगूठे का निशान केवल आवेदक का होना चाहिए, किसी अन्य व्यक्ति का नहीं, अन्यथा इसे प्रतिरूपण/धोखाधड़ी माना जाएगा। उम्मीदवार को फिर स्कैन किया गया फोटोग्राफ, बाएं हाथ के अंगूठे के निशान और हस्ताक्षर को निम्नलिखित तरीके से अपलोड करना चाहिए। बाएं हाथ अंगूठे के निशान में कोई धब्बा अथवा पढ़ने के अयोग्य हस्ताक्षर नहीं होना चाहिए। **(ग)** सभी दस्तावेजों पर उम्मीदवारों के हस्ताक्षर भर्ती प्रक्रिया के सभी चरणों में समान होने चाहिए। लिखित परीक्षा, दस्तावेज सत्यापन, चिकित्सा जांच आदि के समय अलग-अलग शैली में हस्ताक्षर करने से उम्मीदवारी रद्द हो सकती है। **(घ)** हस्ताक्षर हिन्दी अथवा अंग्रेजी में होने चाहिए तथा **बड़े** अथवा **असंबद्ध अक्षरों** में नहीं होने चाहिए। **(iii) अन्य दस्तावेज : (क) सभी प्रमाण पत्र और अंकपत्र जो शैक्षणिक योग्यता एवं स्काउट्स एंड गाइड्स योग्यता के प्रमाण हैं, उन्हें स्व-सत्यापित किया जाना चाहिए तथा पैरा 3 और 5 के अनुसार सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त बोर्ड / विश्यविद्यालय / संस्थान द्वारा जारी किया जाना चाहिए, उसे आवेदन पत्र के साथ अपलोड किया जाना चाहिए।** **(ख)** डीवी के समय, उम्मीदवारों को शैक्षणिक और स्काउट्स एंड गाइड्स योग्यता के लिए **मूल प्रमाण पत्र** प्रस्तुत करना होगा। यदि मूल प्रमाण पत्र उपलब्ध नहीं है, तो उम्मीदवार एक **अनंतिम प्रमाण पत्र** के साथ एक अंतिम अंकपत्र और एक **घोषणा** प्रस्तुत कर सकता है कि डिग्री का इंतजार है। ऐसे मामलों में, उम्मीदवार को अनंतिम रूप से सूचीबद्ध किया जा सकता है। हालांकि, जब तक मूल प्रमाण पत्र जमा नहीं किया जाता है अथवा विश्वविद्यालय से सत्यापित नहीं किया जाता है, तब तक नियुक्ति का कोई प्रस्ताव जारी नहीं किया जाएगा। यदि **अंतिम अंकपत्र** भी प्रस्तुत नहीं किया जाता है, तो **उम्मीदवारी निरस्त कर दी जाएगी।** **(ग)** आयु के प्रमाण के रूप में **स्व-सत्यापित** प्रमाण पत्र (जन्म प्रमाण पत्र/मैट्रिकुलेशन/10वीं का प्रमाण पत्र/10वीं का प्रवेश पत्र/10वीं का अंकपत्र) जिसमें पैरा 6 के अनुसार जन्म तिथि दर्शाई गई हो। **(घ) एससी/एसटी उम्मीदवार:** एससी एवं एसटी समुदाय से होने का दावा करने वाले उम्मीदवारों को **परिशिष्ट-I** के अनुसार ऑनलाइन आवेदन के साथ सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी स्व-सत्यापित समुदाय प्रमाण पत्र अपलोड करना आवश्यक है। **(ङ) ओबीसी-एनसीएल उम्मीदवार:** ओबीसी-एनसीएल उम्मीदवारों को **परिशिष्ट-II** के अनुसार ऑनलाइन आवेदन के साथ सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी स्व-सत्यापित समुदाय प्रमाण पत्र अपलोड करना चाहिए। **(च) ओबीसी-एनसीएल उम्मीदवार (स्व-घोषणा):** ओबीसी-एनसीएल उम्मीदवारों को **परिशिष्ट-IIए** के अनुसार स्व-घोषणा भी प्रस्तुत करनी चाहिए जिसमें यह दर्शाया गया हो कि उम्मीदवार क्रीमी लेयर से संबंधित नहीं है। **(छ) ईबीसी उम्मीदवार:** ईबीसी से संबंधित होने का दावा करने वाले उम्मीदवारों को इस अधिसूचना के **परिशिष्ट-VII** के अनुसार निर्धारित प्रारूप में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी आय प्रमाण पत्र अपलोड करना आवश्यक है। **(ज) ईडब्ल्यूएस उम्मीदवार:** ईडब्ल्यूएस से संबंधित होने का दावा करने वाले उम्मीदवारों को इस अधिसूचना के **परिशिष्ट-VI** के अनुसार निर्धारित प्रारूप में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी आय प्रमाण पत्र अपलोड करना आवश्यक है। **(i) अल्पसंख्यक उम्मीदवार:** अल्पसंख्यक समुदाय से संबंधित होने का दावा करने वाले उम्मीदवारों को इस अधिसूचना के **परिशिष्ट-VIII** के अनुसार परीक्षा शुल्क में छूट के लिए घोषणा अपलोड करना आवश्यक है। **(झ) पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवार:** पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों को **परिशिष्ट-III, IV एवं V** के अनुसार स्व-सत्यापित दिव्यांगता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। (ञ) अधिसूचना के अनुसार **स्काउट्स और गाइड्स उपलब्धियों** के साक्ष्य स्वरूप स्व-सत्यापित प्रमाण पत्र। (त) अंग्रेजी या हिंदी के अलावा अन्य भाषाओं में प्रमाण पत्र अंग्रेजी / हिंदी में सत्यापित अनुवाद के साथ होना चाहिए। **(थ) वे उम्मीदवार जो नियुक्ति के लिए अंतिम रूप से योग्य हैं, उन्हें मास्टर परिपत्र-7 के अनुसार (परिशिष्ट-III) प्रस्तुत करना चाहिए।**

**12.0 ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने के चरण :**

(i) **आरआरसी/एसईआर कोलकाता की आधिकारिक वेबसाइट (www.rrcser.co.in) of South Eastern Railway>Railway Recruitment Cell अथवा सूचना पट्ट** का अवलोकन करें। **"Online/E-Application for Scouts & Guides Quota /2025-26"** लिंक पर क्लिक करें। **"New Registration"** लिंक पर क्लिक करें। **(ii)** व्यक्तिगत जानकारी भरें जैसे नाम, पिता का नाम, जन्म तिथि, समुदाय, ई-मेल पता और मोबाइल नंबर। आवश्यक विवरण जमा करने पर पंजीकृत ई-मेल आईडी/मोबाइल नंबर पर एक ई-मेल/एसएमएस प्राप्त होगा। अपने पंजीकृत ई-मेल का इनबॉक्स/एसएमएस खोलें और पंजीकरण संख्या और पासवर्ड नोट करें। **(iii)** ई-मेल/एसएमएस के जरिए भेजे गए पंजीकरण संख्या और पासवर्ड का उपयोग करके लॉगिन करें। **(iv)** निर्देशों का पालन करें और पंजीकरण प्रक्रिया को चरण-दर-चरण पूरा करें। **(क)** फोटोग्राफ, हस्ताक्षर और बाएं हाथ के अंगूठे के निशान की स्कैन की हुई प्रतिलिपि, जन्म तिथि, शिक्षा/तकनीकी योग्यता और समुदाय यानी एससी/एसटी/ओबीसी/ईबीसी/ईडब्ल्यूएस, आय प्रमाण पत्र, ओबीसी उम्मीदवारों और अल्पसंख्यक समुदाय के उम्मीदवारों से संबंधित स्व-घोषणा और स्काउट्स एंड गाइड्स उपलब्धियों के प्रमाण के स्व-सत्यापित प्रमाण पत्र अपलोड करें। **(ख)** आवेदन पत्र के अनिवार्य जगहों को अवश्यक भरें। **(v)** ऑनलाइन आवेदन जमा करते समय एक विशिष्ट आवेदन संख्या सृजित होगी एवं उसे प्रत्येक उम्मीदवार को जारी किया जाएगा। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे भर्ती प्रक्रिया/पत्राचार के आगे के चरणों के लिए अपना पंजीकरण नंबर सुरक्षित रखें/नोट कर लें। **(vi)** अंतिम क्षण की परेशानी से बचने के लिए, उम्मीदवारों को अपने हित में सलाह दी जाती है कि वे अंतिम तिथि से पर्याप्त समय पहले पंजीकरण करें और ऑनलाइन आवेदन जमा करें, क्योंकि ऑनलाइन पंजीकरण के अंतिम दिनों के दौरान इंटरनेट या वेबसाइट पर भारी लोड के कारण संबंधित आरआरसी की वेबसाइट पर लॉग ऑन करने में असमर्थता/असफलता की संभावना हो सकती है। **(vii)** उम्मीदवारों को ध्यान रखना चाहिए कि सीधे प्राप्त आवेदनों पर आरआरसी/एसईआर विचार नहीं करेगा। **(viii)** ऑनलाइन आवेदन को अंतिम रूप से जमा करने के बाद किसी भी प्रकार का परिवर्तन स्वीकार नहीं किया जाएगा और हार्ड कॉपी वही होनी चाहिए जो ऑनलाइन जमा की गई थी। **(ix)** सही तरीके से भरा हुआ आवेदन पत्र जमा करें। सही तरीके से भरे गए आवेदन पत्र के प्रिंटआउट की 2 प्रतिलिपियां निकाल लें। **(x)** उम्मीदवारों के पास अपना मोबाइल नंबर, वैध और सक्रिय व्यक्तिगत ईमेल-आईडी होना चाहिए और उन्हें भर्ती की पूरी अवधि के लिए सक्रिय रखना चाहिए क्योंकि आरआरसी भर्ती से संबंधित सभी संचार केवल एसएमएस और ईमेल के माध्यम से भेजेगा। आरआरसी/एसईआर किसी भी चरण में मोबाइल नंबर और ईमेल पते में परिवर्तन के किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं करेगा। **(xi)** आरआरसी/एसईआर उपरोक्त कारणों या किसी अन्य कारण से उम्मीदवारों द्वारा अंतिम दिन के भीतर पंजीकरण न कर पाने और/या अपना आवेदन जमा न कर पाने के लिए कोई जिम्मेदारी स्वीकार नहीं करता है। **(xii)** ऑनलाइन आवेदन भरने में किसी भी कठिनाई के मामले में, कृपया आरआरसी/एसईआर की वेबसाइट पर उल्लिखित हेल्पलाइन नंबर और ईमेल आईडी पर कॉल करें।

**13.0 अवैध आवेदन:**

**निम्नलिखित में से किसी भी कमी, विसंगति या अनियमितता वाले आवेदन अस्वीकार किए जा सकते है : (i) मैन्युअल तरीके से भेजे गए आवेदन। (ii) एक ही उम्मीदवार द्वारा एक से अधिक आवेदनों का पंजीकरण। (iii) आवेदन परीक्षा शुल्क का भुगतान नही किया गया या कम शुल्क दिया गया। (iv) उचित स्कैन किया गया फोटोग्राफ, हस्ताक्षर और बाए हाथ के अंगूठे के निशान, अन्य संलग्नकों के बिना आवेदन। (v) जन्म तिथि, शैक्षणिक योग्यता और जाति के संबंध में उचित प्राधिकारी से अनुलग्नक के अनुसार निर्धारित प्रारूप में प्राप्त उचित प्रमाण पत्र अपलोड किए बिना आवेदन। (vi) आवेदन जमा करते समय उम्मीदवार के पास निर्धारित शैक्षणिक, स्काउट्स और गाइड्स योग्यता या प्रमाण पत्र नहीं है। (vii) अधिक उम्र या जन्म तिथि नही भरी गई है या गलत भरी गई है। (viii) फोटोग्राफ अपलोड नहीं किया गया, ब्लैक एंड व्हाइट फोटो, टोपी या धूप के चश्मे के साथ फोटो, विकृत, छोटे आकार का, पूरे शरीर का, चेहरे का केवल एक तरफ का दृश्य या पहचान में न आने वाला फोटो आदि। (ix) बाएं हाथ के अंगूठे के निशान/हस्ताक्षर ठीक से अपलोड नही किया गया या हस्ताक्षर बड़े अक्षरों में अपलोड किए गए। (x) कोई अन्य अनियमितता जिसे आरआरसी/एसईआर द्वारा अमान्य माना जाता है। टिप्पणी:- यह सूची केवल उदाहरण के लिए है और संपूर्ण नहीं है। किसी भी स्तर पर आरआरसी/एसईआर द्वारा देखी गई किसी अन्य अनियमितता/कमी पर आवेदन खारिज कर दिए जाएंगे। (xi) यदि आवेदन के प्रारूप में दर्शाए अनुसार कोई भी अनिवार्य संलग्नक संलग्न नही है या आवेदन किसी भी तरह से दोषपूर्ण पाया जाता है तो आवेदन निरस्त किया जा सकता है। (xii) कोई भी कॉलम खाली नहीं छोड़ा जाना चाहिए, जो आवेदन को अस्वीकार करने का कारण भी हो सकता है।**

**14.0 प्रतिरूपण/तथ्यों को छिपाना - चेतावनी**

**(i) यदि कोई उम्मीदवार परीक्षा में किसी भी प्रकार के अनुचित साधनों का प्रयोग करता हुआ, अपने स्थान पर किसी अन्य को परीक्षा में बैठाता हुआ, प्रतिरूपण करने का प्रयास करता हुआ पाया जाता है, तो उसे आजीवन सभी आरआरबी/आरआरसी की सभी परीक्षाओं में बैठने से वंचित कर दिया जाएगा। उसे रेलवे में किसी भी नियुक्ति से भी वंचित कर दिया जाएगा और यदि वह पहले ही नियुक्त हो चुका है, तो उसे सेवा से बर्खास्त कर दिया जाएगा। ऐसे उम्मीदवारों पर कानूनी मुकदमा भी चलाया जा सकता है। (ii) आरआरबी/आरआरसी को कोई भी गलत जानकारी देने या किसी भी स्तर पर किसी भी जानकारी को जानबूझकर छिपाने पर उम्मीदवारों को रेलवे या किसी अन्य सरकारी सेवा में नियुक्ति के लिए किसी भी चयन या परीक्षा मे बैठने से अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा और यदि उसकी नियुक्ति हो भी जाती है, तो ऐसे उम्मीदवारों की सेवा समाप्त की जा सकती है। (iii) यदि कोई उम्मीदवार पात्रता प्राप्त करने और/या लिखित परीक्षा/दस्तावेज सत्यापन में शामिल होने के लिए मुफ्त यात्रा सहित अन्य विशेषाधिकार प्राप्त करने हेतु किसी भी प्रकार के जाली/फर्जी प्रमाण पत्र/**

दस्तावेज प्रस्तुत करता हुआ पाया जाता है, तो उस विशेष भर्ती के लिए उसकी उम्मीदवारी अस्वीकार कर दी जाएगी, जिसके लिए उसने आवेदन किया है। इसके अलावा, उसे देश भर के सभी आरआरबी/आरआरसी द्वारा आयोजित सभी परीक्षाओं से 2 वर्ष की अवधि के लिए/आजीवन, जैसा उचित समझा जाए, प्रतिबंधित कर दिया जाएगा और आवश्यकता पड़ने पर कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। **(iv)** उम्मीदावर भर्ती के संबंध में अपने फायदे के लिए किसी भी प्रकार का राजनीतिक या अन्य प्रभाव नहीं डालेगा अथवा डालने का प्रयास नहीं करेगा। ऐसे उम्मीदवारों की उम्मीदवारी अस्वीकार की जा सकती है।

**15.0 ध्यान देने योग्य महत्वपूर्ण बिंदु :**

**(i)** पात्रता, आवेदनों की स्वीकृति या अस्वीकृति आदि से संबंधित सभी मामलों में प्रशासन का निर्णय अंतिम होगा और इस संबंध में किसी भी पूछताछ या पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा। प्रशासन उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा/दस्तावेज सत्यापन में चयनित न होने या न बुलाए जाने पर कोई उत्तर भेजने की कोई जिम्मेदारी नहीं लेता है। **(ii)** किसी भी प्रकार की पैरवी उम्मीदवारी को अयोग्य घोषित कर देगा। **(iii)** वर्तमान नियमों के अनुसार, एससी/एसटी उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा और दस्तावेज सत्यापन में शामिल होने के लिए उनके गृह स्टेशन से परीक्षा स्थल तक और वापसी के लिए द्वितीय श्रेणी का यात्रा पास जारी किया जाएगा। **(iv)** कृपया ई-कॉल लेटर, वैध और मूल फोटो पहचान पत्र (जैसे वोटर कार्ड, आधार कार्ड, ई-आधार, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, पासपोर्ट, यदि उम्मीदवार सरकारी कर्मचारी है तो उसके नियोक्ता द्वारा जारी पहचान पत्र आदि), 4 (चार) पासपोर्ट आकार के फोटोग्राफ आदि लाना सुनिश्चित करें, जिसके बिना उम्मीदवार को लिखित परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी। **(v)** चयन लिखित परीक्षा आदि में उपस्थित होने के लिए कोई टीए/डीए/आवास नहीं दिया जाएगा। **(vi)** उम्मीदवारों को चयन/लिखित परीक्षा के दौरान 2-3 दिनों के लिए रुकने की आवश्यकता हो सकती है, जिसके लिए उन्हें अपनी व्यवस्था करनी होगी। **(vii)** रेलवे प्रशासन अपनी सुविधानुसार लिखित परीक्षा आदि के लिए कोई भी तिथि और स्थान तय करने, स्थान में परिवर्तन या लिखित परीक्षा आदि को स्थगित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है, जिसे अप्रत्याशित कारणों से रद्द भी किया जा सकता है, जिसके खिलाफ कोई अनुरोध/दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा। **(viii)** जिन उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा के लिए बुलाया जाएगा, उन्हें कम समय की सूचना पर स्वयं को इसमें शामिल होने के लिए तैयार रहना चाहिए। **(ix)** इस विज्ञापन में उल्लिखित किसी भी मानदंड को पूरा न करने पर आवेदन अस्वीकार कर दिया जाएगा। अधिसूचना में दिए गए सभी या किसी भी नियम/शर्त को संशोधित/रद्द किया जा सकता है। **(x)** चयनित न होने या न बुलाए गए उम्मीदवारों को उत्तर भेजने की रेलवे प्रशासन कोई जिम्मेदारी नहीं लेता है। **(xi)** केवल लिखित परीक्षा के लिए बुलाए जाने/उपस्थित होने आदि से नियुक्ति का कोई अधिकार या दावा प्राप्त नहीं होता है। **(xii)** लिखित परीक्षा में सफल उम्मीदवारों की सूची प्रकाशित की जाएगी, जो सभी योग्यताओं, प्रमाणपत्रों आदि के विभागीय सत्यापन और उसके सटीक पाए जाने तथा मौजूदा नियमों के अनुसार अन्य औपचारिकताओं के पूरा होने तक अनंतिम रहेगी। **(xiii)** लिखित परीक्षा में भाग लेने के लिए पात्र पाए गए उम्मीदवारों की सूची, लिखित परीक्षा की तिथियां एवं स्थान तथा इस भर्ती से संबंधित अन्य आवश्यक जानकारी जैसे अन्य विवरण रेलवे भर्ती बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट (**www.rrcser.co.in**) पर उपलब्ध होंगे। **(xiv)** नियुक्ति के लिए सभी प्रमाणपत्रों और प्रमाण पत्रों का सत्यापन भी अनिवार्य शर्त होगी। नियुक्ति का स्थान सक्षम प्राधिकारी द्वारा तय किया जाएगा। **(xv)** पात्र/अपात्र उम्मीदवारों की सूची आरआरसी की वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएगी। **(xvi)** पात्र उम्मीदवार निर्धारित समय तक आरआरसी की वेबसाइट से अपना ई-कॉल लेटर/एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। उम्मीदवारों को चयन के चरणों की विभिन्न जानकारी के लिए नियमित रूप से आरआरसी वेबसाइट देखने की सलाह दी जाती है। आरआरसी द्वारा तय की गई विभिन्न तिथियों और स्थानों पर लिखित परीक्षा आयोजित करने का अधिकार आरआरसी के पास सुरक्षित है। **(xvii)** सभी पात्रता की शर्तों को पूरा करने तक चयन के सभी चरणों में उम्मीदवार की उम्मीदवारी अनंतिम है और आरआरसी समय-समय पर रेलवे बोर्ड द्वारा जारी नियमों/निर्देशों के तहत योग्य नहीं पाए जाने पर किसी भी स्तर पर उम्मीदवारी रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। **(xviii)** उम्मीदवारों द्वारा आरआरसी/एसईआर की वेबसाइट पर सूचना पर ध्यान नहीं के लिए रेलवे प्रशासन जिम्मेदार नहीं होगा। **(xix)** सेवारत सरकारी कर्मचारियों को उपयुक्त प्राधिकारी से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेना चाहिए। **(xx)** जिन उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा के लिए बुलाया जाएगा, उन्हें कम समय के भीतर उसमें शामिल होने के लिए खुद को तैयार रखना चाहिए। **(xxi)** चयनित उम्मीदवारों की पोस्टिंग रिक्तियों की उपलब्धता, चिकित्सकीय रूप से स्वस्थता और सक्षम प्राधिकारी के निर्णय पर निर्भर करेगी। **(xxii)** मोबाइल/फोन और अन्य संचार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों पर रोक है। लिखित परीक्षा आयोजित होने वाले परिसर के अंदर मोबाइल फोन, पेजर, संचार/रिकॉर्डिंग उपकरण और किसी भी अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण को रखने/उपयोग सख्त रूप से वर्जित है। इन निर्देशों का कोई भी उल्लंघन भविष्य की परीक्षाओं से निष्कासन सहित अन्य आपराधिक/अनुशासनात्मक कार्रवाई के पूर्वाग्रह के बिना उम्मीदवारी को रद्द कर दिया जाएगा। **(xxiii)** उम्मीदवारों को यह भी सलाह दी जाती है कि वे परीक्षा हॉल में कोई मूल्यवान/महंगी वस्तु न लाएं, क्योंकि इन वस्तुओं की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं की जा सकती है। इस संबंध में किसी भी नुकसान के लिए प्रशासन जिम्मेदार नहीं होगा। **(xxiv)** कानूनी अधिकार क्षेत्र : किसी भी कानूनी विवाद के लिए, क्षेत्राधिकार माननीय केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण, कोलकाता होगा।

**6. सतर्कता :** भर्ती पूरी तरह से प्रतिभा पर आधारित है। दक्षिण पूर्व रेलवे ने इस भर्ती के लिए किसी भी एजेंट अथवा अपनी ओर से कार्यरत कोचिंग सेंटर की नियुक्ति नहीं की है। उम्मीदवारों को असंवैधानिक तरीके से इस भर्ती में चयन कराने का कोई भी अनैतिक व्यक्ति/एजेंसी द्वारा किसी भी झूठे दावों के प्रति सतर्क किया जाता है। अगर उन्हें इस तरह के किसी भी व्यक्ति/एजेंसी की जानकारी मिलती है, तो कृपया अध्यक्ष, रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ, दक्षिण पूर्व रेलवे, 11 गार्डनरीच, कोलकाता-700043 को सूचित करें। वे सीनि. डीजीएम, दक्षिण पूर्व रेलवे, 11, गार्डनरीच रोड, कोलकाता-700043 तथा स्थानीय पुलिस को भी सूचित कर सकते हैं।

**अध्यक्ष, रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ**
**दक्षिण पूर्व रेलवे, कोलकाता**

**•परिशिष्ट ए - सक्रियता प्रमाणपत्र का प्रारूप। •परिशिष्ट I-एससी/एसटी प्रमाणपत्र का प्रारूप। •परिशिष्ट II-ओबीसी प्रमाणपत्र का प्रारूप। •परिशिष्ट IIए-ओबीसी स्वयं-घोषणा का प्रारूप। •परिशिष्ट- III, IV एवं V-दिव्यांग प्रमाणपत्र का प्रारूप। •परिशिष्ट VI-ईडब्ल्यूएस के लिए आय प्रमाणपत्र का प्रारूप। •परिशिष्ट VII-ईबीसी के लिए आय प्रमाणपत्र का प्रारूप। •परिशिष्ट VIII- अल्पसंख्यक प्रमामपत्र का प्रारूप। (PR-835)**

# होटल प्रबंधन खानपान प्रौद्योगिकी और अनुप्रयुक्त पोषण संस्थान

**1100 क्वार्टर, प्रशासन अकादमी के पास, भोपाल-462016**
**(पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त निकाय)**
**एवं**
**राष्ट्रीय होटल प्रबंधन एवं खानपान प्रौद्योगिकी परिषद से संबद्ध**

**संस्थान सहायक व्याख्याता (स्थायी) एवं अवर श्रेणी लिपिक के पदों के लिए आवेदन आमंत्रित करता है**

| क्रम सं. | पद का नाम | पदों की सं. | वेतनमान | आवश्यक योग्यता | आयु-सीमा | भर्ती का तरीका |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सहायक व्याख्याता सह सहायक प्रशिक्षक | कुल पद-02<br>(अनुसूचित जाति-01)<br>(सामान्य-01) | वेतन मैट्रिक्स लेवल-06 में रु. 35,400/-<br>(रु. 35,400-1,12,400)<br>(7वें केंद्रीय वेतन आयोग के अनुसार). | श्रेणी 'क':<br>**किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय /संस्थान से आतिथ्य**/पर्यटन में स्नातकोत्तर या एमबीए, **और (+) होटल प्रशासन/आतिथ्य प्रबंधन/ होटल प्रबंधन/ आतिथ्य प्रशासन**/ पाक कला/ पाक विज्ञान में पूर्णकालिक डिग्री/ पूर्णकालिक तीन वर्षीय डिप्लोमा, कुल मिलाकर न्यूनतम 55% अंकों के साथ या इसके समकक्ष ग्रेड:<br>(i) राष्ट्रीय होटल प्रबंधन और खानपान प्रौद्योगिकी परिषद (एनसीएचएमसीटी) या राष्ट्रीय होटल प्रबंधन और खानपान प्रौद्योगिकी परिषद (एनसीएचएमसीटी) **से संबद्ध संस्थान, या**<br>(ii) एआईसीटीई द्वारा अनुमोदित संस्थान, या<br>(iii) राज्य तकनीकी शिक्षा बोर्ड द्वारा अनुमोदित संस्थान, **या**<br>(iv) यूजीसी द्वारा विधिवत मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से संबद्ध संस्थान, **या**<br>(v) यूजीसी द्वारा मान्यता प्राप्त केंद्रीय/ राज्य/ मान्य विश्वविद्यालय, **या**<br>(vi) एआईयू द्वारा मान्यता प्राप्त विदेशी **विश्वविद्यालय/संस्थान की समकक्ष डिग्री/डिप्लोमा.**<br>**वांछनीय योग्यता:**<br>1. पीएच.डी. डिग्री<br>2. थ्री स्टार या उससे ऊपर की **श्रेणी के होटल में छह महीने का कार्य अनुभव.**<br>**अनिवार्य योग्यता:**<br>उम्मीदवार को राष्ट्रीय होटल **प्रबंधन और** खानपान प्रौद्योगिकी परिषद (एनसीएचएमसीटी) द्वारा **आयोजित राष्ट्रीय आतिथ्य शिक्षक** पात्रता परीक्षा (एनएचटीईटी) परीक्षा निर्धारित प्रतिशत के साथ **उत्तीर्ण होनी चाहिए.**<br>**श्रेणी 'ख'**<br>**किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान** से आतिथ्य/ होटल प्रशासन/ होटल प्रबंधन/ पाक कला **में पूर्णकालिक स्नातक की डिग्री, कुल मिलाकर** कम से कम 55% अंक और आतिथ्य उद्योग **में कम से कम दो वर्ष का अनुभव और राष्ट्रीय होटल** प्रबंधन और खानपान प्रौद्योगिकी परिषद (एनसीएचएमसीटी) **द्वारा आयोजित राष्ट्रीय आतिथ्य शिक्षक** पात्रता परीक्षा (एनएचटीईटी) निर्धारित **प्रतिशत के साथ** उत्तीर्ण होना चाहिए.<br>**श्रेणी 'क' और 'ख' के लिए सामान्य खंड:**<br>**अनुबंध के आधार पर** आतिथ्य **के यूजी और उससे ऊपर के स्तर पर शिक्षक के रूप में** प्रदान की **गई सेवा** की अवधि (पूर्णकालिक) **को उपरोक्त उद्देश्य के लिए वैध अनुभव के रूप में** माना जाएगा. **उपरोक्त** निर्धारित योग्यता **के बाद किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से आतिथ्य से** संबंधित विषयों में **पीएचडी की डिग्री रखने वालों को राष्ट्रीय आतिथ्य शिक्षक पात्रता परीक्षा** (एनएचटीईटी) **उत्तीर्ण करने की आवश्यकता नहीं है.** | **35 वर्ष से अधिक नहीं (05.12.2025 तक).** | सीधी भर्ती<br>(राष्ट्रीय होटल प्रबंधन और खानपान प्रौद्योगिकी परिषद (एनसीएचएमसीटी) द्वारा निर्धारित कौशल परीक्षा जिसमें राष्ट्रीय आतिथ्य शिक्षक पात्रता परीक्षा (एनएचटीईटी) का भार जोड़ा जाएगा). |
| 2. | अवर श्रेणी लिपिक | कुल पद-03<br>(अनुसूचित जनजाति-01)<br>(सामान्य-01)<br>(अन्य पिछड़ा वर्ग-01) | वेतन मैट्रिक्स लेवल-02 में रु. 19,900/-<br>(रु. 19,900-63,200)<br>(7वें केंद्रीय वेतन आयोग के अनुसार). | 10+2 या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, **40 शब्द प्रति मिनट की टाइपिंग गति और कंप्यूटर** का ज्ञान.<br>**टेलीफोन ऑपरेटर के लिए: ईपीबी एक्सचेंज का ज्ञान.**<br>**वांछनीय:**<br>कंप्यूटर अनुप्रयोगों में एक वर्ष का अनुभव. | **28 वर्ष से अधिक नहीं (05.12.2025 तक).** | सीधी भर्ती<br>(लिखित + कौशल परीक्षा). |

**सामान्य शर्तें :**

1. उपरोक्त पदों पर भोपाल में तैनात केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों के तहत स्वीकार्य सामान्य भत्ते लागू होंगे. यह पद गैर-पेंशन योग्य है, लेकिन **नियमानुसार नई पेंशन योजना लागू है.**

2. **आयु में छूट:** अनुसूचित जाति, **अनुसूचित** जनजाति **और** विभागीय उम्मीदवारों के मामले में ऊपरी आयु सीमा में 05 वर्ष तक की छूट है या भारत सरकार **द्वारा समय-समय पर किसी भी श्रेणी के लिए निर्दिष्ट है.** विभागीय उम्मीदवार वे हैं जो आईएचएम और राष्ट्रीय होटल प्रबंधन **परिषद, नोएडा में काम करते हैं.**

3. **आवेदन प्रसंस्करण शुल्क:** आवेदन प्रसंस्करण शुल्क **सामान्य और ओबीसी उम्मीदवार के लिए** 1000/- रुपये प्रति उम्मीदवार और एससी और एसटी उम्मीदवारों के लिए 500/- **रुपये प्रति उम्मीदवार होगा, जिसे 'सचिव, होटल प्रबंधन संस्थान, भोपाल'** के पक्ष में भोपाल में देय डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से **जमा किया जाना है. यदि कोई** उम्मीदवार एक से अधिक पदों के लिए आवेदन करता है, तो प्रति पद अलग-अलग प्रसंस्करण शुल्क देय होगा. कृपया ध्यान रखें कि आवेदन प्रसंस्करण शुल्क वापस नहीं किया जाएगा.

4. निर्धारित प्रारूप पर आवेदन, जो हमारी वेबसाइट **www.ihmbhopal.ac.in** पर उपलब्ध है, पासपोर्ट आकार की तस्वीर और प्रशंसापत्रों की सत्यापित प्रतियों के साथ, **प्रिंसिपल/सचिव, इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, कैटरिंग टेक्नोलॉजी एंड एप्लाइड न्यूट्रीशन, एकेडमी ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन के पास, 1100 क्वार्टर्स, भोपाल-462016 मध्य प्रदेश के कार्यालय में स्पीड पोस्ट के** माध्यम से **05.12.2025 को या उससे पहले पहुंच जाना चाहिए.**

5. कृपया लिफाफे के ऊपर आवेदित पद .............................. लिखें.

6. **सरकारी, अर्ध-सरकारी, स्वायत्त निकाय आदि में** पहले से ही रोजगार कर रहे व्यक्तियों को 'उचित माध्यम से' **आवेदन करना चाहिए या दस्तावेज सत्यापन के समय अपने वर्तमान** नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना **चाहिए.**

7. **अपूर्ण आवेदनों** और विलंब से प्राप्त आवेदनों **पर विचार नहीं किया जाएगा. संस्थान** किसी भी डाक विलंब के लिए उत्तरदायी नहीं होगा.

8. सक्षम प्राधिकारी बिना कोई कारण बताए किसी भी **आवेदन को स्वीकार/अस्वीकार करने** और विज्ञापित पदों को भरने/न भरने/आंशिक रूप से भरने का अधिकार **सुरक्षित रखता है.**

**प्रधान/सचिव**

